सत्यमेव जयते

# खादी और ग्रामोद्योग आयोग में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सहित विभागीय व्यापारिक इकाइयों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा

Dedicated to Truth in Public Interest

## संघ सरकार

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

## 2023 की संख्या 9

## (अनुपालन लेखापरीक्षा)

# खादी और ग्रामोघोग आयोग में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सहित विभागीय व्यापारिक इकाइयों

# पर

# भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन

## संघ सरकार

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उघम मंत्रालय

## 2023 की संख्या 9

## (अनुपालन लेखापरीक्षा)

.....को लोकसभा और राज्यसभा के पटल पर प्रस्तुत किया

# विषय सूची


| अध्याय | विवरण | पृष्ठ संख्या. |
|---|---|---|
| | प्राक्कथन | iii |
| | कार्यकारी सार | v |
| 1 | प्रस्तावना | 1 |
| 2 | लेखापरीक्षा अधिदेश, कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली | 7 |
| 3 | निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयां | 11 |
| 4 | विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा अधिप्राप्ति और उत्पादन | 19 |
| 5 | विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा विपणन और बिक्री | 63 |
| 6 | विभागीय व्यापारिक इकाइयों में वित्तीय प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण | 113 |
| | अनुलग्नक | 129 |

# प्राक्कथन

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के इस प्रतिवेदन को संसद के समक्ष रखे जाने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है। प्रतिवेदन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अनुपालन लेखापरीक्षा दिशानिर्देश 2016 और लेखापरीक्षा एवं लेखा पर विनियमन, 2007 (अगस्त 2020 में संशोधित) के अनुसार तैयार किया गया है।

खादी और ग्रामोघोग आयोग (केवीआईसी) का गठन भारत सरकार द्वारा संसद के एक अधिनियम अर्थात 'खादी एवं ग्रामोघोग आयोग अधिनियम' 1956 के अंतर्गत ग्रामीण विकास में लगी अन्य एजेंसियों के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में खादी एवं ग्रामोघोग की स्थापना एवं विकास की योजना बनाने, बढ़ावा देने, सुविधाजनक बनाने, संगठित करने और सहायता करने के लिए किया गया था। केवीआईसी ने खादी एवं ग्रामोघोग उत्पादों के उत्पादन एवं बिक्री गतिविधि को पूरा करने के लिए पिछले कई वर्षों में 92 विभागीय व्यापारिक इकाइयों की स्थापना की।

अनुपालन लेखापरीक्षा द्वारा 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान क्रियात्मक विभागीय व्यापारिक इकाइयों और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के संचालन का मूल्यांकन किया गया।

# कार्यकारी सार

## कार्यकारी सार

खादी और ग्रामोघोग आयोग (केवीआईसी) का गठन भारत सरकार द्वारा संसद के एक अधिनियम अर्थात 1956 के 'खादी और ग्रामोघोग आयोग अधिनियम' के अंतर्गत ग्रामीण विकास में लगी अन्य एजेंसियों के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में खादी और ग्रामोघोग की स्थापना और विकास की योजना बनाने, बढ़ावा देने, सुविधाजनक बनाने, संगठित करने और सहायता करने के लिए किया गया था। केवीआईसी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उघम मंत्रालय (एमएसएमई) के प्रशासनिक नियंत्रण में है। केवीआईसी के तीन मुख्य उद्देश्य हैं, जो इसकी कार्य पद्धति का मार्गदर्शन करते हैं (i) सामाजिक उद्देश्य - ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करना; (ii) आर्थिक उद्देश्य - बिक्री योग्य वस्तुओं का उत्पादन करना; और (iii) व्यापक उद्देश्य - जनता में आत्मनिर्भरता एवं सुदृढ़ ग्राम स्वराज की भावना पैदा करना।

खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के उत्पादन और बिक्री गतिविधियों को पूरा करने के लिए केवीआईसी द्वारा विभागीय व्यापारिक इकाइयों की स्थापना की गई थी। विभागीय व्यापारिक इकाइयों में केंद्रीय पूनी संयंत्र, खादी ग्रामोघोग भवन और अन्य व्यापारिक इकाइयां शामिल हैं। केवीआईसी ने पिछले कुछ वर्षों में 92 विभागीय व्यापारिक इकाइयों की स्थापना की थी। इनमें से केवल 18 विभागीय व्यापारिक इकाइयां 31 मार्च 2021 तक कार्यात्मक थी और 74 विभागीय व्यापारिक इकाइयां समयावधि में निष्क्रिय हो गई (1962 से 2016 तक की अवधि के दौरान 73 विभागीय व्यापारिक इकाइयां निष्क्रिय हो गई तथा एक विभागीय व्यापारिक इकाई वर्ष 2019 में बंद हो गई थी)।

अनुपालन लेखापरीक्षा में 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान 18 कार्यात्मक विभागीय व्यापारिक इकाइयों और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के संचालन का मूल्यांकन किया। बंद होने के कारणों और प्रभाव का पता लगाने के लिए लेखापरीक्षा ने 25 निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयों की सामान्य संवीक्षा भी की।

अनुपालन लेखापरीक्षा के उद्देश्यों का यह निर्धारण करना था:

i) भविष्य के लिए सीखे जाने वाले पाठों के लिए विभागीय व्यापारिक इकाइयों को बंद करने के कारण और प्रभाव;

ii) क्या खादी संस्थानों और ग्रामोद्योगों से वस्तुओं की अधिप्राप्ति और कपास की अधिप्राप्ति और पूनी का उत्पादन भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया गया था और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को मितव्ययता, कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से बनाए रखा गया था;

iii) क्या खादी और ग्रामोघोग उत्पादों और पूनी का विपणन और बिक्री कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से की गई थी; और

iv) क्या नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार विभागीय व्यापारिक इकाइयों के कार्य पद्धति को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रबंधन, आंतरिक नियंत्रण और निगरानी तंत्र मौजूद था।

**महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्ष**

2017-18 से 2020-21 तक की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, केवीआईसी ने विभागीय व्यापार इकाइयों में खरीद और विपणन प्रथाओं में सुधार के लिए कई सुविचारित उपाय शुरू किए हैं। लेखापरीक्षा के दौरान, यह पाया गया कि ये पहल सफलता के वांछित स्तर को पूरा नहीं कर सकी क्योंकि कार्यान्वयन में कई चुनौतियाँ और कमजोरियाँ थीं। लेखापरीक्षा ने 26 सिफारिशें भी की हैं जो भविष्य में केवीआईसी के प्रबंधन को बेहतर कार्यान्वयन में मदद करेंगी। महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्ष और सिफारिशें नीचे दी गई हैं:

***निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयां***

इस तथ्य के बावजूद कि केवल 20 प्रतिशत से कम विभागीय व्यापारिक इकाइयां परिचालन जारी रखने में सक्षम थीं, केवीआईसी ने विभागीय व्यापारिक इकाइयों के निष्क्रिय होने के कारणों की पहचान करने के लिए कोई विश्लेषण नहीं किया है। 25 विभागीय व्यापारिक इकाइयों में से 11 के मामले में बंद होने का कारण उपलब्ध नहीं था। तीन विभागीय व्यापारिक इकाइयों के मामले में, बंद होने के कारण और औचित्य विश्वसनीय नहीं थे और उनके बंद होने से रोकने के लिए केवीआईसी के प्रयासों में कमी दिखाई देती हैं। अन्य दो विभागीय व्यापारिक इकाइयों के मामले में, निजी पार्टियों ने खादी उत्पादों की अनधिकृत बिक्री के माध्यम से काफी राजस्व उत्पन्न किया था जो इन विभागीय व्यापारिक इकाइयों के माध्यम से राजस्व सृजन की गुंजाइश को दर्शाता है। हालांकि केवीआईसी द्वारा कमियों की पहचान की जा रही थी और सुधारात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जा रही थी लेकिन

परिसंपत्तियों के निपटान, बकाया राशि की वसूली, लेखाओं के निपटान और कर्मचारियों की पुन: तैनाती मे कुछ निष्क्रिय इकाइयों में विलंब हुआ।

**(पैराग्राफ 3.1, 3.2 और 3.3)**

***विभागीय व्यापारिक इकाइयों के निष्क्रिय होने के कारणों का गहराई से विश्लेषण किया जाए और सीखे गए सबकों पर कार्रवाई की जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके की शेष कार्यात्मक विभागीय व्यापारिक इकाइयो को, विशेष रूप से वह जो विपणन गतिविधियों में लगी हुई है को उनके उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कुशलतापूर्वक प्रबंधित किया जा रहा है। निष्क्रिय इकाइयों की परिसंपत्तियों/देयताओं का तत्काल निपटान/समायोजन किया जाए।***

***(सिफारिश संख्या 1)***

***विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा अधिप्राप्ति और उत्पादन***

केवीआईसी ने पारदर्शिता और विक्रयशीलता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा खादी संस्थानों और ग्रामोघोग संस्थानों से उत्पादों की अधिप्राप्ति के संबंध में समय-समय पर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए थे। निर्धारित खरीद प्रक्रियाओ का पालन करने के लिए विभागीय व्यापारिक इकाइयों की ओर से कमी योजनाओ में अंतराल का कारण बना और खरीद की पारदर्शिता में कमजोरी आई जिसके कारण सभी आपूर्तिकर्ताओ के लिए उचित अवसर सुनिश्चित नहीं किए गए।

भले ही केवीआईसी ने खादी क्षेत्र के लिए खादी संस्थान प्रबंधन सूचना प्रणाली विकसित की थी, जिसमें खादी ग्रामोघोग भवनों की अधिप्राप्ति/बिक्री डेटा अपलोड करने के लिए एक मॉड्यूल शामिल था, लेकिन इस डेटा को अधिप्राप्ति योजनाओं पर इनपुट प्राप्त करने और बाजार के रुझानों का विश्लेषण करने के लिए मद-वार, आपूर्तिकर्ता-वार जानकारी में संकलित नहीं किया गया था।

**(पैराग्राफ 4.1)**

***केवीआईसी यह सुनिश्चित करे कि विभागीय व्यापारिक इकाइयां अधिप्राप्ति और उत्पादन की प्रभावी निगरानी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करें जैसे अधिप्राप्ति समिति***

***की नियमित बैठक, बाजार के रुझानों का विश्लेषण, वेबसाइट पर अधिप्राप्ति संयंत्रों का प्रकाशन आदि।***

***(सिफारिश संख्या 2)***

***विभागीय व्यापारिक इकाइयां उत्पादों की अधिप्राप्ति की एक प्रणाली शुरू करें जो पिछली बिक्री और प्रत्याशित मांग द्वारा प्रमाणित बाजार में मांग के विश्लेषण पर आधारित है। इसके अलावा, खादी संस्थान प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) को यह सुनिश्चित करने के लिए संशोधित किया जाए कि केवीआईसी अधिप्राप्ति और बिक्री पर मद-वार/ आपूर्तिकर्ता-वार डेटा निकालने में सक्षम हो ताकि अधिप्राप्ति समितियां बाजार के रुझानों की पहचान कर सकें और इस प्रकार यथार्थवादी और प्रभावी अधिप्राप्ति योजनाएं तैयार कर सकें और विपणन निदेशालय को अधिप्राप्ति की गतिशील निगरानी करने में सक्षम बनाया जा सके।***

***(सिफारिश संख्या 3)***

***अधिप्राप्ति प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाने के लिए, केवीआईसी को सभी पंजीकृत खादी संस्थानों को अपने उत्पादों को खादी ग्रामोघोग भवनों के माध्यम से बेचने का समान अवसर प्रदान करना चाहिए, नए आपूर्तिकर्ताओं को केवीआईसी के साथ पंजीकरण करने का अवसर देना चाहिए और माल की आपूर्ति के लिए समझौते करने के निर्देशों को लागू करना चाहिए। केवीआईसी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आपूर्तिकर्ताओं को समय पर भुगतान के संबंध में निर्देशों का विधिवत पालन किया जा रहा है***

***(सिफारिश संख्या 4)***

केवीआईसी के खादी ग्रामोघोग भवन खादी संस्थानों से उत्पादन सब्सिडी (संशोधित बाजार विकास सहायता) का अतिरिक्त हिस्सा एकत्र कर रहे थे, जिनके उत्पाद उनके माध्यम से बिक्री किए जा रहे थे।

**(पैराग्राफ 4.3.1)**

***केवीआईसी खादी संस्थानों द्वारा खादी ग्रामोघोग भवनों को दी गई संशोधित बाजार विकास सहायता के भाग की मामला-दर-मामला आधार पर समीक्षा करे और निर्धारित सीमा से अधिक प्राप्त संशोधित बाजार विकास सहायता भागीदारी वापस करे।***

***(सिफारिश संख्या 6)***

एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्तपोषित खादी सुधार और विकास कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय पूनी संयंत्रों के नवीकरण हेतु परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब के परिणामस्वरूप लागत में वृद्धि, निष्क्रिय मजदूरी के भुगतान (₹89 लाख) और उत्पादन हानि (₹11.15 करोड़ प्रति वर्ष) के कारण परिहार्य व्यय हुआ।

**(पैराग्राफ 4.4.2.2)**

***लागत वृद्धि और उत्पादन घाटे को रोकने के लिए नवीनीकरण परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र लागू करने की आवश्यकता है।***

***(सिफारिश संख्या 7)***

केवीआईसी प्रबंधन प्रभावी निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित नहीं कर सका कि सभी विभागीय व्यापारिक इकाइयों और खादी संस्थानों ने केंद्रीय पूनी संयंत्रों में अपने उत्पादों का परीक्षण किया ताकि स्थापित क्षमता का पूरी तरह से उपयोग किया जा सके और खादी कपड़े की प्रामाणिकता की गारंटी दी जा सके।

**(पैराग्राफ 4.4.3)**

***केवीआईसी यह सुनिश्चित करे कि केवीआईसी को खादी उत्पादों की आपूर्ति करने वाले खादी संस्थान निर्धारित मानदंडों के अनुसार केंद्रीय पूनी संयंत्रों से परीक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करें ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपलब्ध परीक्षण क्षमता का उपयोग किया जा सके।***

***(सिफारिश संख्या 9)***

***विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा विपणन और बिक्री***

2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान, केवीआईसी ने ई-कॉमर्स, बाजार सर्वेक्षण, उत्पाद सूची और स्वैच बुक के विकास, विपणन सलाहकारों की भर्ती, फ्रेंचाइजी योजना, खादी कोर्नर का निर्माण, खादी प्लाजा का निर्माण, खादी ट्रेडमार्क का पंजीकरण, आदि के कार्यान्वयन जैसे कई सुविचारित विपणन पहल को लागू करने का प्रयास किया। केवीआईसी द्वारा कार्यान्वित इन पहल को, जो पूरे खादी और ग्रामोघोग क्षेत्र को लाभान्वित कर सकती हैं, अलग-अलग स्तर की सफलता प्राप्त हुई।

केवीआईसी ने खादी और ग्रामोघोग उत्पादों की घरेलू और निर्यात बिक्री बढ़ाने के लिए घरेलू/अंतर्राष्ट्रीय बाजार सर्वेक्षणों द्वारा प्राप्त जानकारी का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया और व्यापक उत्पाद सूची विकसित करने की भी आवश्यकता थी।

**(पैराग्राफ 5.1.1, 5.1.2 और 5.1.3)**

***केवीआईसी सर्वेक्षणों के बाद की अवधि में बाजार पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए बाजार सर्वेक्षणों के निष्कर्षों/सिफारिशों की समीक्षा करे और सिफारिशों को लागू करने के लिए उपयुक्त कार्रवाई शुरू करे, विशेष रूप से डिजाइन, मूल्य निर्धारण, दृश्यता और उपलब्धता आदि में विविधता और नवाचार शुरू करने जैसे क्षेत्रों में। निर्यात संवर्धन परिषद के दर्जे का प्रभावी ढंग से उपयोग करके निर्यात क्षेत्र में केवीआईसी की उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास किए जाए।***

***(सिफारिश संख्या 13)***

केवीआईसी को उनके द्वारा निष्पादित किए जाने वाले विशिष्ट कार्यों को परिभाषित नहीं करने और सुपुर्दगी दायित्व की निगरानी में कमी के कारण बाह्य परामर्शदाताओं की नियुक्ति का पर्याप्त रूप से लाभ नहीं मिला। उपलब्धता और बिक्री बढ़ाने की योजनाएं जैसे कि फ्रेंचाइजी आउटलेट खोलना, खुदरा श्रृंखला स्टोरों में "खादी कोर्नर्स" की स्थापना आदि, सीमित पैमाने पर लागू की गईं, जिसे वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिली।

**(पैराग्राफ 5.1.4, 5.1.5 और 5.1.6)**

***बाह्य परामर्शदाताओं को नियुक्त करते समय, भारत सरकार द्वारा जारी परामर्श और अन्य सेवाओं की अधिप्राप्ति नियमपुस्तिका 2017 में निहित निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए, जैसे कार्य का सुप्रिभाषित कार्यक्षेत्र/विचारार्थ विषय तैयार करना, परामर्श निगरानी समिति की स्थापना करना आदि।***

***(सिफारिश संख्या 14)***

***केवीआईसी फ्रेंचाइजी आउटलेट खोलने जैसी योजनाओं को लागू करने से पहले अवसरों और खतरों की पहचान करने के लिए गहन बाजार अध्ययन कर करे और उद्यमियों को विपणन सहायता और मार्गदर्शन भी प्रदान करे। ऐसी योजनाओं की सफलता के लिए प्रबंधन द्वारा आवधिक निगरानी की भी आवश्यकता है।***

***(सिफारिश संख्या 15)***

निधि आवंटित होने के बावजूद खादी प्लाजा स्थापित नहीं किए जा सके। खादी ग्रामोघोग भवनों की अवसंरचना का आवश्यकतानुसार नवीनीकरण नहीं किया गया।

**(पैराग्राफ 5.1.7, और 5.1.8)**

***केवीआईसी इस तथ्य के मद्देनजर पूरी तरह से समीक्षा के बाद खादी प्लाजा योजना को पुनर्जीवित करने पर विचार करे कि इसके अंतर्गत एक भी परियोजना लागू नहीं की जा सकी। केवीआईसी खादी और ग्रामोघोग क्षेत्र में विपणन बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए खादी प्लाजा योजना के अंतर्गत उपलब्ध निधि का उपयोग करने के लिए व्यवहार्य प्रस्ताव तैयार करने के लिए राज्य खादी बोर्डों आदि को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक प्रणाली भी विकसित करे।***

***(सिफारिश संख्या 16)***

भले ही केवीआईसी ने "खादी" जैसे ट्रेडमार्क को पंजीकृत कराने में कामयाबी हासिल की थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस क्षेत्र में केवल अधिकृत उत्पादों की ही बिक्री हो, फिर भी अवैध रूप से ट्रेडमार्क का उपयोग करने वाली फर्मों के खिलाफ अधिक कठोर कार्रवाई की आवश्यकता थी।

**(पैराग्राफ 5.1.11)**

***केवीआईसी उल्लंघन के प्रति अदालती मामले दर्ज करने और ट्रेडमार्क के उल्लंघन के मामले में कानून और व्यवस्था अधिकारियों के साथ शिकायत करने जैसी अधिक सख्त कार्रवाई करे।***

***(सिफारिश संख्या 18)***

खादी ग्रामोघोग भवन बिक्री लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सके और यह देखा गया कि वार्षिक बजट और बिक्री लक्ष्यों की तैयारी और अनुमोदन में देरी हुई। बिक्री योजना प्रक्रिया अप्रभावी थी और बाजार के रुझानों का उचित विश्लेषण नहीं किया गया था।

**(पैराग्राफ 5.2.1.1)**

***केवीआईसी खादी ग्रामोघोग भवनों के लिए संबंधित वित्तीय वर्ष से काफी पहले वार्षिक बजट तैयार करे और पिछली अवधियों की बिक्री, प्रत्याशित मांग, बाजार के रुझान आदि जैसे सभी प्रासंगिक कारकों पर विचार करने के बाद बिक्री लक्ष्य तैयार किए जाएँ। लक्ष्यों की***

***तुलना में उपलब्धियों की मध्यावधि/आवधिक समीक्षा की जाए और समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाए।***

***(सिफारिश संख्या 19)***

केवीआईसी आपूर्तिकर्ताओं की कमी के कारण थोक/सरकारी आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ था।

**(पैराग्राफ 5.2.1.2)**

***केवीआईसी मौजूदा आपूर्तिकर्ताओं की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करे और सरकारी क्षेत्र में मांग को पूरा करने के लिए क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक आपूर्तिकर्ताओं को शामिल करे।***

***(सिफारिश संख्या 20)***

***विभागीय व्यापारिक इकाइयों में वित्तीय प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण***

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में खामियां थीं जैसे कि निर्धारित क्रेडिट नीति के कार्यान्वयन, देनदारों की पुष्टि, बैंक खातों का मिलान न होना, परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन न करना आदि। खादी संस्थानों, केंद्रीय पूनी संयंत्रों और विभागीय व्यापारिक इकाइयों की आंतरिक लेखापरीक्षा या तो आयोजित ही नहीं की गई थी या आच्छादित की गई इकाइयों, आच्छादित की गई अवधि और टिप्पणियों के दायरे के संदर्भ में कमी थी। आंतरिक लेखापरीक्षा की टिप्पणियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही थी या शीर्ष प्रबंधन के समक्ष नहीं रखा जा रहा था।

**(पैराग्राफ 6.1.1, 6.1.2, 6.2.1 और 6.3)**

***केवीआईसी ऋण बिक्री और देनदारों की वसूली के संबंध में लागू अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करे। मामला-दर-मामला आधार पर लंबे समय से लंबित ऋणों को साकार करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए और वसूली न होने के कारणों की जांच की जाए।***

***(सिफारिश संख्या 22)***

***चूंकि धोखाधड़ी को रोकने और पता लगाने के लिए बैंक मिलान एक आवश्यक आंतरिक नियंत्रण उपकरण है, इसलिए केवीआईसी को विभिन्न विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा संचालित सभी बैंक खातों की शेष राशि का तत्काल मिलान करने की आवश्यकता है।***

***(सिफारिश संख्या 23)***

***विभागीय व्यापारिक इकाइयों की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत किया जाए और इस संबंध में नवीनतम सिद्धांतों और प्रथाओं पर विचार करते हुए आंतरिक लेखापरीक्षा के लिए दिशानिर्देशों को अद्यतन किया जाए, ताकि क्षेत्र का विस्तार किया जा सके और कार्यप्रणाली में सुधार किया जा सके।***

***(सिफारिश संख्या 24)***

***आंतरिक लेखापरीक्षा योजना को पूरा करने, अभ्युक्तियों की समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने और लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर की गई कार्रवाई की निगरानी के लिए तंत्र विकसित किया जाना चाहिए***

***(सिफारिश संख्या 26)***

# अध्याय ।

# प्रस्तावना

# अध्याय ।

# प्रस्तावना

खादी और ग्रमोघोग आयोग (केवीआईसी) का गठन भारत सरकार द्वारा संसद के एक अधिनियम अर्थात 'खादी और ग्रामोघोग आयोग अधिनियम', 1956 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में, खादी[1] और ग्रामोघोग[2] की स्थापना और विकास, ग्रामीण विकास में लगी अन्य एजेंसियों के समन्वय से, जहाँ भी आवश्यक हो, योजना बनाने, बढ़ावा देने, सुविधा प्रदान करने, संगठित करने और सहायता करने के लिए किया गया था। केवीआईसी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उघम मंत्रालय (एमएसएमई) के प्रशासनिक नियंत्रण में है। केवीआईसी के तीन मुख्य उद्देश्य हैं, जो इसके कार्य पद्धति का मार्गदर्शन करते हैं यानी (i) सामाजिक उद्देश्य - ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करना; (ii) आर्थिक उद्देश्य - बिक्री योग्य वस्तुओं का उत्पादन करना; और (iii) व्यापक उद्देश्य - जनता में आत्मनिर्भरता एवं सुदृढ़ ग्राम स्वराज की भावना पैदा करना।

केवीआईसी विनियम 1958 (2007 में संशोधित) के विनियम[3] 24 के अनुसार केवीआईसी द्वारा गठित केंद्रीय प्रमाणन समिति द्वारा जारी किया जाता है। प्रमाणपत्र पांच वर्ष की अवधि के लिए जारी किया जाता है। समिति को खादी प्रमाणपत्रों के नवीनीकरण/रद्द करने का अधिकार है।

केवीआईसी इसके द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं (योजना) के साथ-साथ मंत्रालय द्वारा आवंटित बजट के आधार पर अपने स्थापना और प्रशासनिक व्यय (गैर-योजना) के लिए एमएसएमई मंत्रालय से अनुदान के रूप में निधि प्राप्त करता है। 2017-18 से 2020-

---

[1] *"खादी" का अर्थ है भारत में कपास, रेशम या ऊनी धागे से भारत में हथकरघे पर या ऐसे दो या सभी यार्न के मिश्रण से बुना हुआ कोई भी कपड़ा।*

[2] *'ग्रामीण उद्योग' का अर्थ है - (i) ग्रामीण क्षेत्र में स्थित कोई भी उद्योग, जो बिजली के उपयोग के साथ या उसके बिना किसी भी सामान का उत्पादन करता है या कोई सेवा प्रदान करता है और जिसमें एक कारीगर या श्रमिक का प्रति व्यक्ति निश्चित पूंजी निवेश ₹1 लाख से अधिक नहीं होता है।*

[3] *2007 में संशोधित केवीआईसी विनियम 1958 के विनियम 24 के अनुसार, खा.ग्रा.आ एक या अधिक प्रमाणन समितियों की नियुक्ति करेगा जो जारी करने के लिए प्रमाणन नियमों के अनुसार, खादी या किसी भी ग्रामउद्योग के उत्पादों के उत्पादकों, या डीलरों को प्रमाण पत्र प्रदान करेगी। खादी प्रमाण पत्र का नवीनीकरण और वैधता और सरकार के पूर्व अनुमोदन से खादी या किसी ग्रामोद्योग के उत्पादों के लिए आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले निर्देश।*

21 की अवधि के दौरान मंत्रालय से प्राप्त निधि के उपयोग के संदर्भ में निष्पादन तालिका 1.1 में दर्शाया गया है।

**तालिका 1.1 केवीआईसी द्वारा निधियों के उपयोग के संदर्भ में निष्पादन**

**(आंकड़े ₹ करोड़ में)**

| वर्ष | मंत्रालय से प्राप्त अनुदान | | | अनुदानों का उपयोग | | | अनुदान का उपयोग (प्रतिशत ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | योजना | गैर योजना | कुल | योजना | गैर योजना | कुल | योजना | गैर योजना | कुल |
| 2017-18 | 1,886.07 | 244.49 | 2,130.56 | 1,737.34 | 283.30 | 2,020.64 | 92.11 | **115.87** | **94.84** |
| 2018-19 | 2,812.73 | 387.92 | 3,200.65 | 2,897.53 | 367.31 | 3,264.84 | 103.01 | **94.69** | **102.01** |
| 2019-20 | 3,078.78 | 375.00 | 3,453.78 | 2,524.58 | 323.24 | 2,847.82 | 82.00 | **86.20** | **82.46** |
| 2020-21 | 2,145.46 | 305.73 | 2,451.19 | 2,665.30 | 387.05 | 3,052.35 | 124.23 | **126.60** | **124.53** |
| **कुल** | **9,923.04** | **1313.14** | **11,236.18** | **9,824.75** | **1,360.90** | **11,185.95** | **99.01** | **103.34** | **99.55** |

यह देखा जा सकता है कि 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान, केवीआईसी खादी और ग्रामोघोग क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं को पूरा करने के लिए प्रदान की गई लगभग पूरी निधि का उपयोग करने में सक्षम था। केवीआईसी की व्यापारिक गतिविधियों का प्रबंधन विभागीय व्यापारिक इकाइयों के माध्यम से किया जाता है।

## 1.1 विभागीय व्यापारिक इकाइयां

खादी और ग्रामोघोग उत्पादों[4] के उत्पादन और बिक्री के लिए केवीआईसी द्वारा विभागीय व्यापारिक इकाइयों (डीटीयू) की स्थापना की गई थी। केवीआईसी ने इन वर्षों में 92 विभागीय व्यापारिक इकाइयों की स्थापना की थी ***(अनुलग्नक-I)*** जिसमें सात केंद्रीय पूनी संयंत्र (सीएसपी), खादी ग्रामोघोग भवन (केजीबी) के रूप में नामित 18 विभागीय बिक्री आउटलेट और खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के व्यापार में शामिल 67 अन्य व्यापारिक इकाइयां सम्मिलित हैं। इनमें से 73 विभागीय व्यापारिक इकाइयां वर्ष 2016 तक निष्क्रिय हो गईं और 2019 मे एक विभागीय व्यापारिक इकाई बंद हो गई थी। केवल 18 विभागीय व्यापारिक इकाइयां 31 मार्च 2021 तक कार्यात्मक थी।

[4] *खादी और ग्रामोघोग के उत्पादों में खादी के धागे, कपड़े, वस्त्र और सहायक उपकरण, सूती पूनी एवं रोविंग, शहद, मसाले, सौंदर्य उत्पाद, हस्तशिल्प, अगरबत्ती, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आदि शामिल हैं।*

18 कार्यात्मक इकाइयों में शामिल हैं:

i. पांच केंद्रीय पूनी संयंत्र[5] जो मुख्य रूप से भारतीय कपास निगम से कपास खरीदकर पूनी[6] और रोविंग[7] के उत्पादन में लगे हुए हैं, जिसका उद्देश्य खादी के कपड़े की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए चरखा कार्यक्रम[8] की जरूरतों को पूरा करने हेतु पंजीकृत खादी संस्थानों[9] को गुणवत्ता वाले पूनी और आमोटन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। ये पांच केंद्रीय पूनी संयंत्र खादी क्षेत्र में लगभग एक तिहाई कच्चे माल की जरूरतों को पूरा करते हैं। केंद्रीय पूनी संयंत्रों का प्रबंधन संयंत्र प्रबंधकों द्वारा किया जाता है और खादी कच्चे माल के निदेशालय की देखरेख में कार्य करता है।

ii. सात कार्यात्मक[10] खादी ग्रामोघोग भवन खादी और ग्रामोघोग उत्पादों का उत्पादन करने वाले ग्रामीण कारीगरों और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं के बीच एक नेटवर्क बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो सभी आयु वर्ग के लोगो को एक ही छत के नीचे नियमित रूप से संबंधित ग्राहकों के लिए विशेष वस्तुओं की उपलब्धता का प्रबंधन करते हैं। चार खादी ग्रामोघोग भवन[11] भी खादी के तैयार वस्त्रों को बनाने में लगे हुए हैं। खादी ग्रामोघोग भवन, भवन प्रबंधकों द्वारा चलाए जाते हैं और वे विपणन निदेशालय के प्रशासनिक नियंत्रण में होते हैं।

---

[5] *पांच कार्यात्मक केंद्रीस पूनी संयंत्र- (i) सीहोर, (ii) रायबरेली, (iii) चित्रदुर्ग, (iv) हाजीपुर, और (v) कुट्टूर।*

[6] *पूनी फाइबर का एक लंबा बंडल होता है जिसका उपयोग आमतौर पर सूत कातने के लिए किया जाता है।*

[7] *जब पूनी को और खींचा जाता है और हल्का सा मोड़ दिया जाता है, तो यह आमोटन बन जाता है।*

[8] *हथकरघा सूती धागे और कपड़े के उत्पादन में प्रमाणित खादी संस्थानों को सब्सिडी और सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार का चरखा कार्यक्रम 1956 में शुरू किया गया था। इसके बाद के चरखा कार्यक्रमों में नया मॉडल चरखा कार्यक्रम और हाल ही में शुरू किया गया सौर चरखा कार्यक्रम शामिल है।*

[9] *सहकारी समितियों, धर्मार्थ न्यासों, स्थानीय स्व-सरकारी निकायों, राज्य सरकार के संगठनों और बोर्डों, विभागीय व्यापारिक इकाइयों आदि जैसे संस्थान, जिन्होंने केवीआईसी से खादी प्रमाणन प्राप्त किया है।*

[10] *सात परिचालन विभागीय बिक्री आउटलेट - (i) नई दिल्ली, (ii) कोलकाता, (iii) गोवा, (iv) भोपाल, (v) एर्नाकुलम, (vi) पटना और (vii) मुंबई।*

[11] *दिल्ली, एर्नाकुलम, मुंबई और भोपाल में केजीबी।*

iii. छह अन्य[12] विभागीय व्यापारिक इकाइयां विशिष्ट खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति में लगी हुई हैं। इन छह विभागीय व्यापारिक इकाइयों में से एक विभागीय व्यापारिक इकाई विपणन निदेशालय के अधीन कार्य करती है और पांच अन्य विभागीय व्यापारिक इकाइयां संबंधित निदेशकों के अधीन हैं।

विभागीय व्यापारिक इकाइयां मुख्य कार्यकारी अधिकारी, केवीआईसी के समग्र पर्यवेक्षण के अंतर्गत कार्य करती हैं जिन्हें संबंधित निदेशालयों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। विभागीय व्यापारिक इकाइयों के कार्य पद्धति को दर्शाने वाला ऑर्गनोग्राम नीचे चित्र 1.1 में दिखाया गया है:

**चित्र: 1.1 केवीआईसी ऑर्गनोग्राम**




[12] *(i) क्षेत्रीय सीमा विकास कार्यालय (आरबीडीओ), बाड़मेर, राजस्थान, (ii) बहु-अनुशासनात्मक प्रशिक्षण केंद्र (एमडीटीसी), दहानू, महाराष्ट्र, (iii) स्वीकृत निविदा (एटी) आपूर्ति, मुंबई, महाराष्ट्र, (iv) कोकून खरीद , रांची, झारखंड (v) हस्तनिर्मित कागज उद्योग (एचएमपीआई), मुंबई, महाराष्ट्र, और (vi) केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (सीबीआरटीआई), पुणे, महाराष्ट्र।*

विभागीय व्यापारिक इकाइयां वाणिज्यिक आधार पर चलाए जा रहे हैं और लेखा-बहियां आदि उसी तर्ज पर रखी जाती हैं, जैसे कि किसी वाणिज्यिक प्रतिष्ठान के मामले में होती है।

विभागीय व्यापारिक इकाइयों तथा खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के विपणन से संबंधित योजनाओं पर आवंटित बजट एवं किये गये वास्तविक व्यय का विवरण नीचे तालिका 1.2 में दिया गया है:

**तालिका 1.2 खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों के विभागीय व्यापारिक इकाइयों और विपणन से संबंधित योजनाओं पर किए गए बजट आवंटन और वास्तविक व्यय**

**(आंकड़े ₹ करोड़ में)**

| योजना | 2017-18 | | 2018-19 | | 2019-20 | | 2020-21 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बजट | वास्तविक | बजट | वास्तविक | बजट | वास्तविक | बजट | वास्तविक |
| **खादी** | | | | | | | | |
| संशोधित बाजार विकास सहायता | 308.31 | 172.58 | 151.31 | 303.81 | 291.20 | 255.35 | 224.04 | 197.34 |
| प्रचार | 10.00 | 7.82 | 4.00 | 5.65 | 0 | 0 | 7.94 | 4.76 |
| विपणन | 10.00 | 6.70 | 8.69 | 11.30 | 30.00 | 11.33 | 29.73 | 2.42 |
| गुणवत्ता आश्वासन | 0 | 0 | 0 | 0 | 5.00 | 0 | 5.00 | 4.96 |
| डिजाइन हाउस की स्थापना | 0 | 0 | 0 | 0 | 15.00 | 0 | 15.00 | 3.07 |
| विपणन अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण | 6.26 | 7.91 | 9.54 | 8.96 | 12.39 | 4.68 | 10.96 | 10.59 |
| प्रोत्साहन अनुदान | 0 | 0.29 | 9.39 | 0.40 | 4.00 | 6.10* | 8.19 | 5.62 |
| **ग्रामोद्योग** | | | | | | | | |
| ग्रामोद्योग अनुदान | 83.78 | 75.07 | 63.00 | 58.18 | 82.92 | 83.09* | 93.42 | 80.97 |
| केआरडीपी[13] | 481.00 | 226.65 | 146.03 | 60.70 | 0 | 46.49* | 0 | 19.78* |
| **कुल** | **899.35** | **497.02** | **391.96** | **449.00** | **440.51** | **407.04** | **394.28** | **329.51** |
| **** पिछले वर्षों में बजट के प्रति प्राप्त निधि पर व्यय शामिल है।*** | | | | | | | | |

[13] *खादी सुधार और विकास कार्यक्रम एशियाई विकास बैंक की वित्तीय सहायता से केवीआईसी द्वारा कार्यान्वित एक व्यापक कार्यक्रम है*

2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान किए गए कुल व्यय का प्रमुख हिस्सा संशोधित बाजार विकास सहायता[14] (55.37 प्रतिशत) पर था।

केवीआईसी ने खादी सुधार और विकास कार्यक्रम (केआरडीपी) (21.08 प्रतिशत*)* के अंतर्गत भी पर्याप्त व्यय किया, जिसे एशियाई विकास बैंक से 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता और भारत सरकार से समर्थन के साथ शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य पूरी तरह से रोजगार सृजन, कारीगरों की आय में वृद्धि और मौजूदा बाजार की जरूरतों के अनुरूप खादी की स्थिति सुनिश्चित करने के मामले में खादी और ग्रामोघोग क्षेत्र की महत्वपूर्ण विकास क्षमता को साकार करना था। हालांकि, नवंबर 2016 में ऋण राशि को घटाकर अमेरिकी डॉलर 105 मिलियन (₹666 करोड़) कर दिया गया था। केआरडीपी में इसके नौ घटक थे[15] जिनमें से दो घटक अर्थात् विपणन सुधार (825,000 अमेरिकी डॉलर/₹5 करोड़) और उत्पादन क्षमता (8,787,000 अमेरिकी डॉलर/₹42 करोड़) विभागीय व्यापारिक इकाइयों से संबंधित थे।

---

[14] *संशोधित बाजार विकास सहायता खादी के उत्पादन और बिक्री में लगे कारीगरों और खादी संस्थानों को खा.ग्रा.आ के माध्यम से भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली उत्पादन सब्सिडी है।*

[15] *खादी सुधार और प्रत्यक्ष सुधार सहायता, खादी चिन्ह, मार्केटिंग सुधार, उत्पादन दक्षता, वित्तीय प्रबंधन, संस्थागत क्षमता निर्माण, आईटी- एमआईएस और ई-गवर्नेंस, खादी नए उघम और ग्रामोघोग कार्यक्रम*

# अध्याय II

# लेखापरीक्षा अधिदेश, कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली

# अध्याय II

# लेखापरीक्षा अधिदेश, कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के इस प्रतिवेदन को संसद के समक्ष रखे जाने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है। यह प्रतिवेदन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अनुपालन लेखापरीक्षा दिशानिर्देश 2016 और लेखापरीक्षा एवं लेखा पर विनियमन, 2007 (2020 में संशोधित) के अनुसार तैयार किया गया है।

## 2.1 लेखापरीक्षा का क्षेत्र और उद्देश्य

अनुपालन लेखापरीक्षा ने 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान 18 कार्यात्मक विभागीय व्यापारिक इकाइयों और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के संचालन का मूल्यांकन किया। बंद होने के कारणों और प्रभाव का पता लगाने के लिए लेखापरीक्षा ने 25 निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयों की सामान्य संवीक्षा भी की।

अनुपालन लेखापरीक्षा के उद्देश्य यह निर्धारित करना था:

i) भविष्य के लिए सीखे जाने वाले पाठों के लिए विभागीय व्यापारिक इकाइयों को बंद करने के कारण और प्रभाव;

ii) क्या खादी संस्थानों और ग्रामोद्योगों से वस्तुओं की अधिप्राप्ति और कपास की अधिप्राप्ति और पूनी का उत्पादन भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया गया था और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को मितव्ययता, कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से बनाए रखा गया था;

iii) क्या खादी और ग्रामोघोग उत्पादों और पूनी का विपणन और बिक्री कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से की गई थी; और

iv) क्या नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार विभागीय व्यापारिक इकाइयों के कार्य पद्धति को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रबंधन, आंतरिक नियंत्रण और निगरानी तंत्र मौजूद थे।

## 2.2 लेखापरीक्षा मानदंड

लेखापरीक्षा के मानदंड केवीआईसी द्वारा अपनाई गई नीतियों/दिशानिर्देशों/मानदंडों से तैयार किए गए थे:

- केवीआईसी अधिनियम, सरकारी/केवीआईसी नियम और विनियम, केवीआईसी की नीतियां, अधिप्राप्ति और बिक्री के लिए दिशानिर्देश।
- अधिप्राप्ति के संबंध में सामान्य वित्तीय नियम और सीवीसी दिशानिर्देश।
- मंत्रालय से स्वीकृति पत्र निधि आवंटन के संबंध में, केवीआईसी द्वारा स्वीकृति के प्रति बजट अनुमान और आवंटन।
- बैठकों के कार्यवृत्त, शक्तियों का प्रत्यायोजन, आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट आदि।
- सभी विभागीय व्यापारिक इकाइयों को आवंटित संस्वीकृत श्रमबल और श्रमबल पर मंत्रालय के निर्देश/दिशानिर्देश।
- कीमतों और क्रेडिट बिक्री नीति के निर्धारण के लिए दिशानिर्देश।

## 2.3 लेखापरीक्षा पद्धति

लेखापरीक्षा 16 नवंबर 2021 को केवीआईसी के प्रबंधन के साथ एक प्रवेश सम्मेलन के साथ शुरू हुई, जिसमें केवीआईसी के शीर्ष प्रबंधन को कार्यक्षेत्र, मानदंड और कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया और उनके इनपुट प्राप्त किए गए। अनुपालन लेखापरीक्षा के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली में अन्य बातों के साथ-साथ लेखापरीक्षा की मांगें और प्रश्नावली जारी करना, केवीआईसी प्रधान कार्यालय संबंधित निदेशालयों और विभागीय व्यापारिक इकाइयों (कार्यात्मक और गैर-कार्यात्मक दोनों) की समीक्षा, प्रबंधन के साथ चर्चा, दृश्य साक्ष्य का संग्रह, प्रबंधन टीम के साथ साइट निरीक्षण, प्रश्न जारी करना और लेखापरीक्षा प्रश्नों पर उत्तर प्राप्त करना अभिलेखों की समीक्षा में शामिल है। मसौदा अनुपालन लेखापरीक्षा रिपोर्ट 31 मई 2022 को केवीआईसी को जारी की गई थी और उस पर उनका उत्तर 5 जुलाई 2022 को प्राप्त हुआ था। 29 जुलाई 2022 को केवीआईसी के प्रबंधन के साथ एक निकास सम्मेलन किया गया था और केवीआईसी ने 5 अगस्त 2022 को अतिरिक्त उत्तर प्रस्तुत किया था। मसौदा रिपोर्ट 12 अगस्त 2022 को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उघम मंत्रालय को जारी की गई थी और मंत्रालय ने 31 अगस्त 2022 को

केवीआईसी के उत्तर का समर्थन किया। प्रस्तुत उत्तरों को इस रिपोर्ट में उपयुक्त रूप से शामिल किया गया है।

## 2.4 प्रतिदर्शीकरण

सभी 18 कार्यात्मक विभागीय व्यापारिक इकाइयों को लेखापरीक्षा में शामिल किया गया था। 74 निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयों में से 25 निष्क्रिय इकाइयों (34 प्रतिशत) को लेखापरीक्षा में इस तरह शामिल किया गया था कि केवीआईसी के छह क्षेत्रों में से प्रत्येक से कम से कम 25 प्रतिशत इकाइयों को स्तरीकृत यादृच्छिक नमूने के आधार पर चुना गया था।

## 2.5 स्वीकृति

लेखापरीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए केवीआईसी के प्रबंधन और कर्मचारियों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए लेखापरीक्षा आभार व्यक्त करती है।

# अध्याय III

# निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयां

# अध्याय III
# निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयां

1956-57 से 2020-21 की अवधि के दौरान 92 विभागीय व्यापारिक इकाइयों (डीटीयू) की स्थापना की गई थी, जिसमें खादी ग्रामोघोग भवन (केजीबी) नाम के 18 विभागीय बिक्री आउटलेट, सात केंद्रीय पूनी संयंत्र (सीएसपी) और खादी और ग्रामोघोग उत्पादों से संबंधित उत्पादन, विपणन और प्रशिक्षण गतिविधियां में शामिल 67 अन्य व्यापारिक इकाइयां शामिल थीं। इनमें से 18 विभागीय व्यापारिक इकाइयां 31 मार्च 2021 तक कार्यात्मक थी और 74 विभागीय व्यापारिक इकाइयां पिछले कुछ वर्षों में निष्क्रिय हो गईं जो की नीचे तालिका 3.1 में दिया गया है :

**तालिका 3.1: विभागीय व्यापारिक इकाइयां का बंद होना**

| बंद होने की अवधि | बंद विभागीय व्यापारिक इकाइयां की संख्या |
|---|---|
| 1962-1994 | 10 |
| 1995-2005 | 29 |
| 2005-2014 | 26 |
| 2015-2021 | 4 |
| बंद होने का वर्ष उपलब्ध नहीं है | 5 |
| **कुल** | **74** |

इकाइयों के निष्क्रिय होने के कारणों का विश्लेषण करने और खादी और ग्रामोघोग उत्पादों का उत्पादन करने वाले ग्रामीण कारीगरों और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं के बीच नेटवर्क बनाने के केवीआईसी के उद्देश्य पर उनके बंद होने के प्रभाव का आकलन करने के लिए और यह भी जांच करने के लिए कि क्या उनकी संपत्तियों को निष्क्रिय घोषित किए जाने के बाद सुरक्षित रखा गया था, लेखापरीक्षा ने 25 निष्क्रिय इकाइयों की नमूना जांच की। इनमें से 12 इकाइयाँ खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के विपणन में लगी हुई थीं और नौ इकाइयाँ उनके उत्पादन में शामिल थीं, जबकि शेष चार इकाइयाँ विशिष्ट उद्देश्य जैसे बिहार में ग्रामोघोग इकाइयों को निधि उपलब्ध कराने, बायोगैस संयंत्र की स्थापना, रेशम उत्पादन इकाइयों को कोकून की आपूर्ति और खादी संस्थाओं को चरखा और बुनाई उपकरण की आपूर्ति के लिए स्थापित की गई थीं। नमूना जांच की गई 25 निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयों की सूची ***अनुलग्नक I*** में दी गई है और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर अनुवर्ती पैराग्राफों में चर्चा की गई है।

## 3.1 विभागीय व्यापारिक इकाइयों के बंद होने के कारणों और प्रभाव का विश्लेषण

यह दर्शाने के लिए अभिलेखों में कुछ भी नहीं था कि केवीआईसी ने इकाइयों के निष्क्रिय होने के कारणों का विश्लेषण किया था और खादी संस्थानों, ग्रामोघोग, ग्रामीण कारीगरों, उपभोक्ताओं आदि जैसे हितधारकों पर प्रभाव का आकलन किया था। नमूना जांच की गई 25 इकाइयों में से 12 में, केवीआईसी ने लेखापरीक्षा को यह उपलब्ध नहीं कराया कि किस प्राधिकार द्वारा इकाइयों को बंद किया गया था।

इसके अलावा, 11 इकाइयों[16] को बंद करने के कारणों को केवीआईसी द्वारा लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराया गया था और न ही लेखापरीक्षा को उपलब्ध कराए गए अभिलेखों से इसका पता लगाया जा सका। जिन मामलों में बंद करने के कारणों की पहचान की जा सकती है, उनकी चर्चा नीचे की गई है:

## 3.2 विभागीय व्यापारिक इकाइयों का बंद होना

लेखापरीक्षा में पाया गया कि तीन विभागीय व्यापारिक इकाइयों को बंद करना परिहार्य था, यदि केवीआईसी ने उन्हें क्रियाशील रखने के लिए समय पर कार्रवाई की होती जैसा कि नीचे चर्चा की गई है:

### 3.2.1 केंद्रीय पूनी संयंत्र, एटा

उत्तरी राज्यों के खादी संस्थानों को मध्यम गतिवाली रोविंग की आपूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश के एटा में केंद्रीय पूनी संयंत्र की स्थापना (1997) की गई थी। इकाई को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा 250 केवीए के स्वीकृत लोड के साथ विद्युत कनेक्शन (1996) प्रदान किया गया था और प्रतिभूति जमा के रूप में ₹16.13 लाख जमा किए गए थे। बार-बार विद्युत की आपूर्ति न होने के कारण उक्त कनेक्शन को काटने के लिए इकाई ने अनुरोध किया (1999) और कनेक्शन काट दिया गया। कनेक्शन काटने के बाद ₹16.13 लाख की प्रतिभूति जमा राशि की वापसी के लिए इकाई द्वारा किए गए प्रयास भी उपयोगी नहीं रहे।

---

[16] *अखाद्य तेल साबुन इकाई, दीमापुर, चूना इकाई, सिलीगुड़ी, ग्रामोघोग व्यापार/विपणन इकाई, सिलीगुड़ी, पॉलीवस्त्र स्पिनिंग सेंटर, 24 परगना, केजीबी भुवनेश्वर, कोकून खरीद, भोपाल, विपणन इकाई, ऋषिकेश, केजीबी, बाड़मेर, निदेशक, साबुन , नासिक, निदेशक यंत्रीकरण, मुंबई, गैर-पारंपरिक ऊर्जा निदेशालय, मुंबई*

संयंत्र, 100 प्रतिशत डीजल जनरेटर विद्युत आपूर्ति पर चल रहा था, तब से ₹35-₹40 प्रति यूनिट ईंधन शुल्क के कारण उच्च उत्पादन लागत (41 प्रतिशत डीजल के लिए लेखांकन) इकाई को अव्यवहारिक बना रही थी। डीजल की उच्च लागत को ध्यान में रखते हुए, अनुमानित अनुमान के साथ औद्योगिक क्षेत्र से ₹41 लाख की लागत के साथ 11 केवी की स्वतंत्र लाइन के लिए प्रस्तावों का मूल्यांकन करके विद्युत आपूर्ति के पुन: कनेक्शन के लिए केवीआईसी द्वारा उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) से विद्युत कनेक्शन की बहाली (2009) शुरू की गई थी। आयोग ने पुन: कनेक्शन हेतु एक स्वतंत्र लाइन के लिए ₹50 लाख का अनुदान स्वीकृत किया (मार्च 2009)। बाद में, यूपीपीसीएल ने सूचित किया कि नई विद्युत लाइन की लागत गलत तरीके से निकाली गई थी और विद्युत आपूर्ति लाइन की नई लागत ₹95 लाख होगी। हालांकि, सीएसपी एटा कनेक्शन प्राप्त नहीं कर सका क्योंकि उसने ₹95 लाख की बढ़ी हुई लागत का भुगतान नहीं किया।

उच्च विद्युत लागत को देखते हुए, केवीआईसी ने इकाई (फरवरी 2019) को बंद करने और इकाई के नवीनीकरण के लिए खादी सुधार और विकास कार्यक्रम **(**केआरडीपी**)** के अंतर्गत आवंटित निधि (₹7.27 करोड़) एमएसएमई मंत्रालय को वापस करने का फैसला किया। संयंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए केवीआईसी ने चार[17] खादी संस्थानों से प्राप्त प्रस्तावों (2020) पर भी विचार नहीं किया जिससे हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में खादी संस्थानों को लाभान्वित नहीं किया जा सकता था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि ₹3.30 करोड़ की अनुमानित लागत पर 0.50 मेगावाट क्षमता का सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के परामर्श के बाद इकाई द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव (मई 2015) का केवीआईसी द्वारा पालन नहीं किया गया था। यदि सौर संयंत्र स्थापित किया गया होता, तो इकाई अपनी विद्युत की आवश्यकता को ₹5.50 प्रति यूनिट के हिसाब से प्राप्त कर सकती थी**,** जबकि डीजल विद्युत पर ₹35-₹40 प्रति यूनिट व्यय होता था। आगे यह देखा गया कि केवीआईसी सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए केआरडीपी के अंतर्गत उपलब्ध निधि का उपयोग कर सकता था।

---

*[17] चार खादी संस्थान - 1. खादी ग्रामोद्योग विकास मंडल, बुढ़नपुर, 2. बृज खादी ग्रामोद्योग सेवा निकेतन, एटा, 3. सुशीला ग्रामोद्योग संस्थान, गाजियाबाद, और 4. अवध युवा कल्याण ग्रामोद्योग संस्थान, मुरादाबाद*

इस प्रकार, सीएसपी एटा उपादेयताओं की उच्च लागत के कारण निष्क्रिय हो गया और इसलिए नहीं कि यह परिचालन रूप से अव्यवहार्य था। तथ्य यह है कि चार खादी संस्थान बुनियादी ढांचे को संभालने के लिए तैयार थे जो इकाई की जरूरत को दर्शाता है कि यह अस्तित्व में था और संचालन व्यवहार्य थे।

केवीआईसी/मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि उसने विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने के लिए कई कदम उठाए थे और चूंकि वे उपयोगी नहीं थे, इसलिए इकाई को बंद करना पड़ा। केवीआईसी ने यह भी बताया कि यूपी विद्युत बोर्ड को जमा की गई राशि प्रतिदाय योग्य नहीं थी। सौर संयंत्र की स्थापना के संबंध में केवीआईसी ने बताया कि प्रस्तावित सौर संयंत्र, संयंत्र चलाने के लिए पर्याप्त भार प्रदान नहीं करेगा। उत्तर को इस तथ्य के आलोक में देखा जा सकता है कि केवीआईसी इकाई की स्थापना के 20 वर्ष बाद भी नियमित विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने में सक्षम नहीं था। इसके अलावा, चूंकि सौर संयंत्र की स्थापना के लिए इकाई का प्रस्ताव नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ परामर्श के बाद किया गया था, यह उत्तर कि सौर संयंत्र पर्याप्त भार प्रदान करने में सक्षम नहीं होगा, न्यायोचित नहीं था क्योंकि यह किसी तकनीकी अध्ययन द्वारा समर्थित नहीं था। चूंकि विद्युत भार की अनुमानित आवश्यकता केवल 0.33 मेगावॉट थी, 0.50 मेगावॉट क्षमता का प्रस्तावित सौर ऊर्जा संयंत्र, संयंत्र को संचालित करने के लिए पर्याप्त होना चाहिए था।

### 3.2.2 खादी ग्रामोघोग भवन, अगरतला

केजीबी अगरतला त्रिपुरा खादी और ग्रामोघोग बोर्ड (राज्य बोर्ड) के स्वामित्व वाले भवन में कार्य कर रहा था। राज्य बोर्ड त्रिपुरा से किराए पर लिए गए भवन के नवीनीकरण के लिए 2012 में केजीबी अगरतला में बिक्री गतिविधियों को रोक दिया गया था। जीर्णोद्धार के बाद, राज्य बोर्ड ने केजीबी अगरतला को भवन में जगह आवंटित की और नवीनीकरण पर किए गए व्यय के लिए अपने भाग के रूप में ₹5 लाख की मांग की। इकाई ने केवीआईसी से निधि की मंजूरी के लिए अनुरोध किया (2014) लेकिन इसे मंजूरी नहीं दी गई और इकाई अपनी बिक्री गतिविधि को फिर से शुरू नहीं कर सका।

केवीआईसी /मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि खादी ग्रामोघोग भवन के नवीनीकरण के लिए जुलाई 2014 में राज्य बोर्ड, त्रिपुरा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को अस्वीकार

कर दिया गया था (जनवरी 2016) और मई 2019 में केवीआईसी द्वारा इकाई को बंद करने का निर्णय लिया गया था। केवीआईसी के उत्तर में ₹5 लाख के हिस्से का भुगतान न करने के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया। इसके अलावा, केजीबी अगरतला केवीआईसी विभागीय व्यापारिक इकाइयों में से एक था जिसे 2009 में शुरू की गई "विपणन अवसंरचना को मजबूत करने" वाली योजना के अंतर्गत नवीनीकरण के लिए चुना गया और ₹25 लाख तक की निधि खादी ग्रामोघोग भवन योजना के अंतर्गत उपलब्ध थी। इसके अलावा, मई 2019 में केवीआईसी द्वारा अनुमोदन केवल सभी निष्क्रिय इकाइयों (72)[18] के लेखाओं को बंद करने के लिए था न कि केजीबी अगरतला को बंद करने के लिए।

### 3.2.3 ग्रामीण वस्त्र केंद्र, कनिमंगलम

ग्रामीण वस्त्र केंद्र, कनिमंगलम 1973 में स्थापित किया गया था। ग्रामीण वस्त्र केंद्र, कनिमंगलम की बुनाई इकाई बुनकरों की अनुपलब्धता के कारण बंद हो गई थी (फरवरी 1996) और कताई इकाई भी कताई करने वालों की सेवानिवृत्ति, घर से कार्य करने का आग्रह आदि वजहों से छोड़ने के कारण बंद हो गई थी (जुलाई 1999)। केवीआईसी ने इकाई को श्रमबल प्रदान करने के लिए समय पर कार्रवाई नहीं की और इसे बंद करना पड़ा (1999)।

केवीआईसी/मंत्रालय ने अभ्युक्ति का उत्तर नहीं दिया।

## 3.3 घाटे के कारण बंद होना

छह विभागीय व्यापारिक इकाइयां[19] बंद थीं/निष्क्रिय पड़ी थीं क्योंकि वे घाटे में चल रही थीं। इन विभागीय व्यापारिक इकाइयों को अपने लेखा बंद करने की तिथि तक ₹1.16 करोड़ की हानि हुई थी।

आगे यह देखा गया कि जबकि व्यापारिक गतिविधियां निदेशालय, कोलकाता 1962 से निष्क्रिय था, पश्चिम बंगाल राज्य में निजी इकाइयों (87 इकाइयां), जिन्हें केवीआईसी[20]

---

*[18] दो निष्क्रिय इकाइयों के लेखा अभी पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं*

*[19] केजीबी बैंगलोर (₹0.25 करोड़), अंबर सरजन, अहमदाबाद (₹0.75 करोड़), पायलट अगरबत्ती, अहमदाबाद (₹0.01 करोड़), केजीबी राधनपुर (₹0.02 करोड़), व्यापारिक गतिविधि निदेशालय, कोलकाता (₹0.12 करोड़), और जमनालाल बजाज केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, वर्धा (₹0.01 करोड़)*

*[20] खादी (शब्द चिह्न), खादी इंडिया लोगो के दो अलग-अलग चित्र, सर्वोदय (शब्द चिह्न), खादी चिह्न लोगो, और खादी एक प्रसिद्ध चिह्न के रूप में है।*

के पंजीकृत ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने के लिए कानूनी नोटिस जारी किए गए थे, ने 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान कुल ₹716.70 करोड़[21] का बिक्री[22] राजस्व अर्जित किया था।

इसी तरह, केजीबी बाड़मेर के मामले में, हालांकि विभागीय व्यापारिक इकाई 2001 से निष्क्रिय थी और इसकी गतिविधियों को एक अन्य विभागीय व्यापारिक इकाई, यानी क्षेत्रीय सीमा विकास संगठन बाड़मेर द्वारा ले लिया गया था, राजस्थान राज्य में 11 निजी इकाइयां, जो केवीआईसी से प्राधिकरण के बिना ब्रांड नाम "खादी" का उपयोग कर उत्पादों की बिक्री कर रही थीं 2017-18 से 2018-19 के दौरान ₹309.07 करोड़[23] का बिक्री राजस्व अर्जित कर चुकी थीं।

इन दो मामलों ने दर्शाया कि इन विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा खादी उत्पादों की बिक्री के लिए पर्याप्त क्षेत्र था। यदि केवीआईसी ने इन निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयों के राजस्व सृजन की क्षमता का कोई विश्लेषण किया होता, तो यह उनसे राजस्व उत्पन्न कर सकता था।

## 3.4 बंद होने के बाद के मुद्दे

लेखापरीक्षा ने देखा कि केवीआईसी बंद इकाइयों की परिसंपत्तियों के निपटान और बंद होने के बाद ऋण की वसूली के लिए तत्पर नहीं था जैसा कि निम्नलिखित मामलों में दिखाया गया है:

### 3.4.1 संपत्तियों का निपटान

एक व्यापारिक इकाई के बंद होने की स्थिति में, संयंत्र और मशीनरी जैसी संपत्तियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार अन्य इकाइयों को हस्तांतरित करना या उसका तुरंत निपटान करना वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण होगा ताकि अधिकतम निस्तारण मूल्य प्राप्त हो सके।

नमूना जांच की गई 25 निष्क्रिय इकाइयों में से सात में, यह पाया गया कि ₹82.34 लाख के सकल मूल्य वाली अचल संपत्तियों को इकाइयों के बंद होने के बाद निपटाया नहीं गया था। 12 इकाइयों के मामले में, कोई अचल संपत्ति नहीं थी और आठ इकाइयों के संबंध में

---

*[21] स्रोत-वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संबंधित फर्मों की रिटर्न।*

*[22] खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री की मात्रा के बारे में पृथक विवरण उपलब्ध नहीं था*

*[23] खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री की मात्रा के बारे में पृथक विवरण उपलब्ध नहीं था*

सूचना प्रस्तुत नहीं की गई थी। सीएसपी, एटा के मामले में, जिसे फरवरी 2019 में बंद कर दिया गया था, ₹79 लाख मूल्य के संयंत्र और मशीनरी का निपटान अभी (अगस्त 2022) किया जाना है। इसके अलावा, केवीआईसी ने सीएसपी एटा की संपत्ति की सुरक्षा के लिए उपरोक्त अवधि के दौरान ₹69 लाख व्यय किए हैं।

सीएसपी एटा के संबंध में, केवीआईसी/मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए कर्मचारियों को निष्क्रिय इकाई में रखा जाना था और इसलिए प्रति वर्ष ₹25 लाख के स्थापना व्यय की आवश्यकता थी। उपकरण के निपटान के संबंध में, यह उत्तर दिया गया था कि इसमें से कुछ को अन्य केंद्रीय पूनी संयंत्रों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा और शेष को नीलाम कर दिया जाएगा। उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि यद्यपि इकाई को जनवरी 2019 में बंद कर दिया गया था, केवीआईसी तीन वर्ष के बाद भी परिसंपत्तियों का निपटान करने या कर्मचारियों को फिर से तैनात करने में सक्षम नहीं है और परिहार्य स्थापना व्यय वहन कर रहा है।

अन्य निष्क्रिय इकाइयों के संबंध में, केवीआईसी/मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि इन निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयों के पास भौतिक रूप से उपलब्ध भंडार और अचल संपत्तियों को संबंधित राज्य/मंडल निदेशकों की अभिरक्षा में स्थानांतरित कर दिया गया था। उत्तर को इस तथ्य के आलोक में देखा जा सकता है कि पाँच निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयों के संबंध में संपत्तियों का निपटान और देय राशि की वसूली अभी भी लंबित है।

### 3.4.2 ऋणों की वसूली

25 निष्क्रिय विभागीय व्यापारिक इकाइयों में से 17 में, लेखापरीक्षा ने पाया कि इकाइयों के बंद होने के बाद ₹6.81 करोड़[24] की राशि, वर्षों से वसूली के लिए लंबित थी। सात अन्य इकाइयों के मामले में प्राप्तियों के संबंध में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई थी जबकि एक इकाई के पास कोई बाह्य प्राप्य राशि नहीं थी।

[24] ***केवीआईसी के विभागीय देनदारों का निवल।***

सीएसपी एटा के मामले में केवीआईसी/मंत्रालय ने बताया (जुलाई 2022/अगस्त 2022) बाद में ₹3.13 करोड़ की राशि वसूल की गई। यह भी बताया गया था कि अप्राप्त प्राप्तियों को अदत्त देनदारियों के प्रति समंजन किया गया था और कोई हानि दर्ज नहीं की गई थी।

उत्तर को इस तथ्य के आलोक में देखा जा सकता है कि परिसंपत्तियों और देनदारियों का निवलीकरण एक लेखांकन प्रक्रिया है और बकाया राशि की वसूली और परिसंपत्तियों के निपटान के मुद्दे को हल नहीं करता है। केवीआईसी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि संपत्ति और देनदारियों की निवलीकरण ने उनके लेनदारों के प्रति विभागीय व्यापारिक इकाइयों की देनदारी का निर्वहन किया है या नहीं। इसके अलावा, अन्य इकाइयों के संबंध में कोई उत्तर नहीं दिया गया।

### 3.4.3 कर्मचारियों की पुन: तैनाती

चार निष्क्रिय इकाइयों में कर्मचारियों की पुन: तैनाती में विलंब हुआ था। अंबर सरंजन, अहमदाबाद के तीन कर्मचारी जो 2001 में निष्क्रिय हो गए थे, उन्हें 2012 में ही पुनर्नियुक्त किया गया था। केजीबी अगरतला का एक कर्मचारी, जिसकी गतिविधियों को 2012 में बंद कर दिया था, केवल उसे 2017 में पुनर्नियुक्त किया गया था। सीएसपी एटा, जो 2019 में निष्क्रिय हो गए था, के तीन कर्मचारी कि पुनर्नियुक्ति (मार्च 2022) अभी की जानी बाकी है। विपणन इकाई ऋषिकेश में, जो 2007 में निष्क्रिय हो गई थी, इकाई बंद होने के बाद 10 वर्ष के लिए पांच कर्मचारियों को रखा गया था। शेष 21 इकाइयों के कर्मचारियों के मामले में कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति कब की गई इसका विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया।

केवीआईसी/ मंत्रालय ने अभ्युक्ति का उत्तर नहीं दिया।

***सिफारिश संख्या 1***

*[45] फरवरी 2019 में बंद किए गए सीएसपी एटा को प्रस्ताव के लिए अनुरोध को अंतिम रूप देते समय बाहर रखा गया था।*

**i. कड़े पूर्व-योग्यता मानदंड**

23 जुलाई 2020 को आयोजित प्री-बिड मीटिंग में तीन फर्मों ने भाग लिया। बोली-पूर्व बैठक में प्राप्त सुझावों के आधार पर, केवीआईसी ने प्रस्ताव के लिए अनुरोध करने के लिए एक शुद्धिपत्र (28 जुलाई 2020) अपलोड किया। मैसर्स लक्ष्मी मशीन वर्क्स के एकमात्र वितरक मैसर्स वोल्टास द्वारा सुझाए गए परिवर्तनों[46] पर विचार किया गया। एक अन्य संभावित बोलीदाता मैसर्स एटीई एंटरप्राइजेज के न्यूनतम कारोबार को ₹100 करोड़ से घटाकर ₹50 करोड़ करने के अनुरोध पर शुद्धिपत्र में विचार नहीं किया गया।

केवीआईसी परिपत्र (मार्च 2012) और केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशों[47] के अनुसार सिविल/विद्युत कार्यों के आवंटन के मामले में पिछले तीन वर्षों के दौरान औसत कारोबार अनुमानित लागत का कम से कम 30 प्रतिशत होना चाहिए। लेखापरीक्षा में पाया गया कि ₹100 करोड़ के न्यूनतम कारोबार को निर्धारित करने वाला खंड ₹25 करोड़ की अनुमानित लागत का 400 प्रतिशत अधिक था।

इस प्रकार, वित्तीय पात्रता के लिए उच्च पूर्व-योग्यता मानदंड निर्धारित करने से प्रतिस्पर्धा की कमी हुई और खुली निविदा जारी करने के तंत्र को दूषित किया गया।

केवीआईसी ने उत्तर दिया कि मैसर्स एटीई एंटरप्राइजेज द्वारा उठाए गए मुद्दे वित्तीय मुद्दे से संबंधित थे, जबकि मैसर्स वोल्टास द्वारा दिए गए सुझाव मशीनरी से संबंधित थे और प्रकृति में वास्तविक थे, इसलिए, उन्हें स्वीकार किया गया था और तदानुसार शुद्धिपत्र जारी किया गया था। इसके अतिरिक्त, केवीआईसी ने उल्लेख किया कि सीवीसी परिपत्र कपड़ा मशीनरी की अधिप्राप्ति से संबंधित नहीं है।

इस उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि, पर्याप्त औचित्य के बिना वित्तीय पात्रता के लिए अनुचित रूप से उच्च सीमा निर्धारित करने से प्रतिस्पर्धा के उन्मूलन का अवांछनीय प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, सीवीसी परिपत्र को अपनाया गया था और 2012 में केवीआईसी द्वारा सभी कार्यों/अधिप्राप्ति पर लागू किया गया था।

---

*[46] उपकरण के तकनीकी मापदंडों में परिवर्तन जैसे ब्लो रूम की ट्रैक लंबाई, ब्रेकर ड्रॉ फ्रेम का डिलीवरी मोड, लैप प्रिपरेटरी मशीनों की डिलीवरी गति आदि।*

*[47] सीवीसी ओएम संख्या 12-02-1-सीटीई-6 दिनांक 17 दिसंबर 2002।*

**ii. निविदा को अंतिम रूप देना**

लेखापरीक्षा में पाया गया कि मशीनरी और सिविल/विद्युत कार्य की आपूर्ति के लिए निविदाओं को अंतिम रूप देने में अत्यधिक विलंब हुआ जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन हानि हुई जैसा कि बाद के पैराग्राफ में नीचे बताया गया है।

क. एमएसएमई मंत्रालय ने (सितंबर 2018) खादी सुधार और विकास कार्यक्रम से ₹40.97 करोड़ की राशि जारी करने की स्वीकृति दी और धन (फरवरी 2019) जारी किया गया था, लेकिन केवीआईसी नवंबर 2020 में ही निविदाओं को अंतिम रूप दे सका। अंतिम रूप दी गई समय सीमा (नवंबर 2019) के अनुसार, सभी पांच केंद्रीय पूनी संयंत्रों का नवीनीकरण नवंबर 2021 तक पूरा किया जाना था। दिसंबर 2020 में निविदा को अंतिम रूप देने और काम सौंपने के बाद भी नवीनीकरण कार्यों का निष्पादन अभी तक (मार्च 2022) शुरू नहीं हुआ है। इस प्रकार, एमएसएमई मंत्रालय द्वारा निधियां जारी किए जाने से तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इच्छित उद्देश्यों को प्राप्त नहीं किया जा सका।

केवीआईसी/मंत्रालय (जुलाई 2022/अगस्त 2022) ने कहा कि महामारी के कारण प्रस्ताव के लिए अनुरोध को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में बहुत समय लगा। उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि मार्च 2020 में महामारी के प्रकोप से एक वर्ष पहले फरवरी 2019 में ही धन जारी किया गया था और नवीनीकरण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। इसलिए, सितंबर 2018 से जुलाई 2020 तक प्रस्ताव के लिए अनुरोध को अंतिम रूप देने में 18 माह[48] के विलंब की अवधि को केवीआईसी द्वारा स्पष्ट नहीं किया गया था।

---

*[48] मार्च-2020 से जुलाई 2020 तक महामारी से प्रभावित अवधि को छोड़कर।*

ख. हालांकि निविदा को अंतिम रूप दिया गया (नवंबर 2020) और मशीनरी की आपूर्ति के लिए समझौता (दिसंबर 2020) किया गया था, मशीनरी के नवीनीकरण के साथ सिंक्रनाइज़ेशन में सिविल कार्यों को पूरा करने के लिए कोई समवर्ती कार्रवाई नहीं की गई थी। खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार, मशीनरी के निर्माण से पहले सिविल, विद्युत और सुरक्षा कार्य शुरू करने की परिकल्पना की गई थी।

**चित्र: 4.1 सीएसपी चित्रदुर्ग का नवीनीकरण**

केवीआईसी ने (दिसंबर 2020) पहले चरण में दो[49] केंद्रीय पूनी संयंत्रों का चयन करते हुए तीन चरणों में काम करने का फैसला किया और सीएसपी चित्रदुर्ग के लिए दिसंबर 2021 में और सीएसपी कुट्टूर के लिए जनवरी 2022 में सिविल कार्यों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) में प्रवेश किया। हालांकि, सीएसपी कुट्टूर और चित्रदुर्ग की सिविल/विद्युत आवश्यकता से संबंधित कार्य अभी तक (अक्टूबर 2022) पूरे नहीं हुए हैं। यह उल्लेख करना उचित है कि मशीनरी की आपूर्ति के लिए अनुबंध की वैधता नवंबर 2022 तक है। यदि सिविल/विद्युत कार्य तब तक पूरे नहीं होते हैं, तो मशीनरी की आपूर्ति के लिए अनुबंध की वैधता समाप्त हो जाएगी और इससे इच्छित उद्देश्य की प्राप्ति नहीं हो पाएगी और जटिलताएं, लागत में वृद्धि, उत्पादन हानि की संभावना होगी।

केवीआईसी/मंत्रालय ने लेखापरीक्षा अवलोकन का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया।

ग. सीएसपी कुट्टूर और चित्रदुर्ग की उत्पादन गतिविधियों को नवीनीकरण गतिविधियों को शुरू करने की प्रत्याशा में क्रमशः जुलाई 2021 और सितंबर 2021 में रोक दिया गया था, चूंकि, सिविल कार्यों के लिए अनुमानों को भी अभी तक अनुमोदित नहीं किया गया है, इसलिए उत्पादन को समय से पहले रोकने के परिणामस्वरूप मार्च 2022 तक ₹14.20 करोड़[50] की उत्पादन हानि हुई है। उत्पादन हानि तब तक जारी रहेगी जब तक सिविल कार्यों को पूरा करने और मशीनरी चालू करने में विलंब होती है। इसके अतिरिक्त, समय

---

[49] *चित्रदुर्ग और कुट्टूर में सीएसपी।*

[50] *सीएसपी कुट्टूर- नौ माह के लिए ₹72.40 लाख की दर से औसत मासिक उत्पादन और सात माह के लिए सीएसपी चित्रदुर्ग-औसत मासिक उत्पादन ₹109.73 लाख*

से पहले बंद होने और श्रमिकों को अन्य केंद्रीय पूनी संयंत्रों में स्थानांतरित करने में विलंब के परिणामस्वरूप मार्च 2022 तक की अवधि के दौरान ₹89 लाख[51] की निष्क्रिय मजदूरी का भुगतान किया गया है।

केवीआईसी/मंत्रालय ने (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कहा कि सीएसपी हाजीपुर में उपलब्ध स्टॉक का उपयोग बंद केंद्रीय पूनी संयंत्रों द्वारा पोषित संस्थानों को आपूर्ति के लिए किया गया था और जब भी इस तरह का आधुनिकीकरण किया जाता है, उत्पादन गतिविधियों को पूरी तरह से रोकने की आवश्यकता होती है। यह भी कहा गया कि सीएसपी चित्रदुर्ग और कुट्टूर में संयंत्रों को नवीनीकरण कार्य शुरू करने से पहले बंद कर दिए जाने के बाद श्रमिकों को निष्क्रिय नहीं रखा गया था, बल्कि उन्हें विशिष्ट कार्य आवंटित किए गए थे या केवीआईसी की अन्य इकाइयों में फिर से तैनात किया गया था।

इस उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि सिविल कार्यों और मशीनरी की स्थापना के बीच योजना और सिंक्रनाइज़ेशन की कमी थी, जिससे समय से पहले बंद हो गया और परिणामस्वरूप उत्पादन की हानि हुई। हालांकि उत्पादन जुलाई 2021/सितंबर 2021 में बंद हो गया था, लेकिन सिविल कार्य अभी तक (अक्टूबर 2022) पूरे नहीं हुए थे। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट ब्यौरे के अभाव में जनशक्ति की पुन: तैनाती के संबंध में उत्तर का सत्यापन नहीं किया जा सका है।

**चित्र: 4.2 सीएसपी कुट्टूर में सिविल कार्य**

[51] *सीएसपी कुट्टूर- नौ माह के लिए औसत मासिक वेतन ₹5.46 लाख और सीएसपी चित्रदुर्ग- सात माह के लिए ₹5.68 लाख की दर से औसत मासिक वेतन*

### iii. पुराने संयंत्र और मशीनरी के निपटान

कुट्टूर और चित्रदुर्ग में सीएसपी में बदले जाने वाले पुराने संयंत्र और मशीनरी का मूल्य (दिसंबर 2020) ₹1.23 करोड़ (कुट्टूर: ₹83.34 लाख और चित्रदुर्ग: ₹39.55 लाख) था। इसका वसूली योग्य मूल्य ₹1.07 करोड़ आंका गया था। लेखापरीक्षा में पाया गया कि केवीआईसी ने (मार्च 2022) सीएसपी कुट्टूर से केवल ₹16.97 लाख के उपकरणों का निपटान किया था। शेष उपकरणों के निपटान में विलंब से उनका वसूली योग्य मूल्य कम हो जाएगा।

**चित्र: 4.3 सीएसपी चित्रदुर्ग में पुराना संयंत्र और मशीनरी**

केवीआईसी ने (जुलाई 2022) उत्तर दिया कि सीएसपी कुट्टूर में शेष मशीनरी को नवीनीकरण पूरा होने के बाद बनाए रखा जाएगा और सीएसपी चित्रदुर्ग में आग लगने की दुर्घटना हो गई थी और वे पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया में हैं तथा जल्द से जल्द नीलामी शुरू करेंगे।

हालांकि, तथ्य यह है कि पुराने संयंत्र और मशीनरी के निपटान में विलंब से उनके वसूली योग्य मूल्य कम हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, सीएसपी कुट्टूर में बिना बिकी मशीनरी को बनाए रखने के उत्तर को इस तथ्य के आलोक में देखा जाना चाहिए कि मौजूदा मशीनरी को प्रतिस्थापित करने की सिफारिश की गई थी क्योंकि वे बहुत पुरानी और अक्षम थीं, और इस प्रकार, मशीनरी को बनाए रखना उचित नहीं है।

### iv. मोबिलाइजेशन एडवांस

केवीआईसी ने जीएसटी, माल ढुलाई, बीमा आदि सहित कुल ₹23.46 करोड़ की लागत से पांच केंद्रीय पूनी संयंत्रों में उत्पादन मशीनरी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए मैसर्स लक्ष्मी मशीन वर्क्स (ठेकेदार) को अधिप्राप्ति आदेश (नवंबर 2020) जारी किया। अधिप्राप्ति आदेश के अनुसार, अनुबंध नवंबर 2022 तक वैध रहना था और अग्रिम के 110 प्रतिशत की बैंक गारंटी के मुकाबले मूल मूल्य का 10 प्रतिशत अग्रिम के रूप में दिया जाना था। तदनुसार, केवीआईसी ने (जनवरी 2021) ₹1.88 करोड़ की अग्रिम राशि जारी की, जो कुल निविदा राशि का 10 प्रतिशत है। नवीनीकरण परियोजना के लिए

तकनीकी सलाहकार (राष्ट्रीय वस्त्र निगम) और संविदाकार के साथ हुई बैठक (दिसंबर 2020) के विवरण के अनुसार, उत्पादन के कुल ठहराव से बचने के लिए पहले चरण में केवल दो केंद्रीय पूनी संयंत्रों के लिए मशीनरी अधिप्राप्ति करने का निर्णय लिया गया था। लेखापरीक्षा में पाया गया कि प्रारंभिक चरण में नवीनीकरण के लिए चुने गए दो केंद्रीय पूनी संयंत्रों में आवश्यक मशीनरी की अनुमानित लागत ₹6.93 करोड़ थी और 10 प्रतिशत अग्रिम राशि ₹69 लाख थी।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि प्रारंभिक चरण में नवीनीकरण के लिए चुने गए दो केंद्रीय पूनी संयंत्रों में आवश्यक मशीनरी की अनुमानित लागत ₹6.93 करोड़ थी और 10 प्रतिशत अग्रिम राशि ₹69 लाख थी। हालांकि मशीनरी की आपूर्ति के लिए अग्रिम राशि जनवरी 2021 में ही जारी कर दी गई थी, लेकिन किसी भी केंद्रीय पूनी संयंत्र को मशीनरी (मार्च 2022) के साथ आपूर्ति नहीं की गई थी। इस प्रकार, सिविल कार्यों की खराब योजना और गैर-सिंक्रनाइज़ेशन के कारण आपूर्तिकर्ता को अनुचित वित्तीय लाभ दिया गया था क्योंकि व्यक्तिगत केन्द्रीय पूनी संयंत्रों के लिए विशिष्ट वितरण अवधि न तो अधिप्राप्ति आदेश में या अनुबंध समझौते में निर्दिष्ट की गई थी और केवल अनुबंध की वैधता की अवधि का उल्लेख किया गया था।

इसके अतिरिक्त, केवीआईसी परिपत्र (2012) के अनुसार, यदि अग्रिम राशि दी जानी है, तो ब्याज दर स्पष्ट रूप से बताई जानी चाहिए और अग्रिम भुगतान कार्य की प्रगति और अपेक्षित उपकरणों को जुटाने आदि के आधार पर चरणों में जारी किया जा सकता है। केवीआईसी अपने द्वारा निर्धारित अग्रिम स्वीकृति के लिए वित्तीय हितों की रक्षा के लिए समझौते में उचित शर्तों को शामिल करने में विफल रहा। समझौते में ब्याज खंड को शामिल न करने से 14 महीनों (मार्च 2022) में ₹10.75 लाख (4.9 प्रतिशत प्रति वर्ष[52] की दर से) की हानि हुई।

केवीआईसी/ मंत्रालय ने कहा कि मशीनरी की कुल लागत का 10 प्रतिशत अग्रिम (समझौते के अनुसार) करना आवश्यक था ताकि बोली में उल्लिखित मूल्य पर निर्धारित समय अवधि में इसे वितरित किया जा सके।

---

[52] ***सितंबर 2020 से सावधि जमा पर एसबीआई ब्याज दर।***

इस उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि ब्याज मुक्त अग्रिम देना केवीआईसी दिशानिर्देशों का उल्लंघन है, जिन पर समझौता करते समय विचार किया जाना चाहिए था। इसके अतिरिक्त, चूंकि कार्य आदेश दो वर्षों के लिए जारी किया गया था, संविदाकार मूल्य में वृद्धि करके सहमत शर्तों को नहीं बदल सकता है। तथ्य यह है कि समझौते पर हस्ताक्षर करने के 18 माह (जुलाई 2022) से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मशीनरी की स्थापना नहीं हुई।

v. **उत्पादन में अपेक्षित वृद्धि की हानि**

यह परिकल्पना की गई थी कि नवीनीकरण के परिणामस्वरूप केन्द्रीय पूनी संयंत्रों द्वारा उत्पादन में न्यूनतम 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। प्रस्ताव 2015 में शुरू किए गए थे। यदि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उघम मंत्रालय से समय पर अनुमोदन प्राप्त हो जाता और केवीआईसी द्वारा परियोजना को समय पर पूरा किया जाता, तो केन्द्रीय पूनी संयंत्रों ने अनुमान के अनुसार अधिक उत्पादन प्राप्त किया होता। इस प्रकार, नवीनीकरण परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब के परिणामस्वरूप वर्ष 2018 में परिकल्पित केंद्रीय पूनी संयंत्रों के उत्पादन को न्यूनतम ₹11.15 करोड़[53] प्रति वर्ष तक बढ़ाने के अवसर की हानि हुई है।

केवीआईसी/ मंत्रालय ने (जुलाई/ अगस्त 2022) कहा कि नवीनीकरण के लिए आवश्यक मशीनरी के तकनीकी विनिर्देश के आकलन की प्रक्रिया फरवरी 2019 में धन प्राप्त होने के बाद ही शुरू की गई थी। यह भी कहा गया था कि निविदा, सिविल और विद्युत कार्य और पुरानी मशीनरी की नीलामी जैसे अन्य कार्यों में विलंब हुआ। उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि प्रारंभिक प्रस्ताव 2015 में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन तकनीकी अनुमान तैयार करने जैसे प्रारंभिक कार्य भी फरवरी 2019 में ही किए गए थे। इसके अतिरिक्त, केवीआईसी ने परियोजना को लागू करने के लिए स्वयं द्वारा निर्धारित समय सीमा का पालन नहीं किया था।

***सिफारिश संख्या 7***

***लागत वृद्धि और उत्पादन घाटे को रोकने के लिए नवीनीकरण परियोजना को जल्द से जल्द लागू करने की आवश्यकता है।***

---

*[53] 2017-18 से 2020-21 के दौरान पांच केंद्रीय पूनी संयंत्रों के औसत वार्षिक उत्पादन का 20 प्रतिशत (यानी, ₹55.73 करोड़)*

### 4.4.2.3 उत्पादन दक्षता

केन्द्रीय पूनी संयंत्रों द्वारा उत्पादित रोविंग/पूनी की कम गुणवत्ता और अधिक मूल्य निर्धारण के संबंध में खादी संस्थानों से प्राप्त शिकायतों के मद्देनजर, केवीआईसी ने उत्पादन दक्षता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए केंद्रीय पूनी संयंत्रों द्वारा पालन की जाने वाली एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) (सितंबर 2017) जारी की थी। एसओपी में अन्य बातों के साथ-साथ, मशीनरी के नियमित और निवारक रखरखाव के लिए मासिक चेकलिस्ट तैयार करने, डीजल की खपत का आकलन करने के लिए ऊर्जा लेखापरीक्षा आयोजित करने और हैंडलिंग/खपत/चोरी में ईंधन की हानि को रोकने, सौर पैनलों की संस्थापना आदि सहित केन्द्रीय विद्युत संयंत्रों के कार्यकरण के लिए विस्तृत प्रक्रियाएं निर्धारित की गई हैं।

इस संबंध में लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित अवलोकन किया:-

**i. उपकरणों के रखरखाव**

हाजीपुर और रायबरेली में केंद्रीय पूनी संयंत्रों ने मशीनरी का नियमित या निवारक रखरखाव नहीं किया था। यद्यपि सीहोर, चित्रदुर्ग और कुट्टूर स्थित केन्द्रीय पूनी संयंत्रों ने नियमित अनुरक्षण किया था, तथापि, निवारक अनुरक्षण मानक प्रचालन प्रक्रिया में निर्धारित नहीं किया गया था।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा कि सीएसपी सीहोर में नियमित रखरखाव के साथ निवारक रखरखाव किया जा रहा था, लेकिन अलग से प्रलेखित नहीं किया गया था। उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि तकनीकी लेखापरीक्षा (मई 2019) ने सीएसपी सीहोर में निवारक रखरखाव की कमी को इंगित किया था। अन्य केन्द्रीय पूनी संयंत्रों के संबंध में कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया था।

**ii. ऊर्जा लेखापरीक्षा**

मानक प्रचालन प्रक्रिया में यह निर्धारित किया गया था कि डीजल की खपत का निर्धारण करने और चोरी आदि के माध्यम से ईंधन की हानि को रोकने के लिए सभी केन्द्रीय पूनी संयंत्रों में ऊर्जा लेखापरीक्षा की जानी चाहिए। लेखापरीक्षा में पाया गया कि ऊर्जा लेखापरीक्षा केवल दो सीएसपी द्वारा की गई थी नामत: कुट्टूर और रायबरेली। सीएसपी रायबरेली के संबंध में, ऊर्जा लेखापरीक्षा (मार्च 2018) की गई थी और अनुबंध मांग को 200 केवीए से घटाकर 150 केवीए करने, उच्च वोल्टेज कैपेसिटर बैंक की स्थापना, एयर कंप्रेसर और

विभिन्न अन्य भागों/उपकरणों आदि को बदलने जैसी विभिन्न सिफारिशें की गई थीं। हालांकि, सीएसपी रायबरेली ने इन सिफारिशों को लागू नहीं किया। सिफारिशों के कार्यान्वयन से बिजली में खर्च में प्रति वर्ष ₹7.48 लाख की कमी हो सकती थी, जबकि अनुमानित निवेश ₹1.12 लाख का था। इस प्रकार, ऊर्जा लेखापरीक्षा सिफारिशों के कार्यान्वयन से ₹22.44 लाख[54] की बचत हो सकती थी।

केवीआईसी/मंत्रालय ने लेखापरीक्षा अवलोकन का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया।

**iii. बिजली शुल्क का भुगतान**

सीएसपी हाजीपुर को बिहार राज्य विद्युत बोर्ड (बीएसईबी) द्वारा 260 किलो वोल्ट एम्पीयर (केवीए) के कनेक्टेड लोड के साथ हाई टेंशन बिजली कनेक्शन (मार्च 1998) मंजूर किया गया था। बीएसईबी के नियमों के अनुसार, केन्द्रीय पूनी संयंत्र को अपनी लागत पर स्वीकृत लोड के 150 प्रतिशत की अधिकतम क्षमता वाला एक बिजली ट्रांसफार्मर स्थापित करना था। केन्द्रीय पूनी संयंत्र ने फिर भी, 500 केवीए की क्षमता वाला ट्रांसफार्मर स्थापित किया और परिणामस्वरुप बीएसईबी ने स्वीकृत लोड को 334 केवीए तक बढ़ा दिया। चूंकि केन्द्रीय पूनी संयंत्र द्वारा बिजली की खपत स्वीकृत भार से बहुत कम थी, 2000-01 से 2004-05 की अवधि के लिए ₹45.97 लाख के जुर्माने और ब्याज सहित न्यूनतम गारंटी शुल्क का भुगतान करना पड़ा। 2004 में, केन्द्रीय पूनी संयंत्र ने 200 केवीए की क्षमता वाले एक नए ट्रांसफार्मर को स्थापित करने के बाद स्वीकृत लोड को 180 केवीए तक कम कर दिया। आवश्यक भार का पुनर्मूल्यांकन (अगस्त 2008) 134 केवीए के रूप में किया गया था। केन्द्रीय पूनी संयंत्र ने (अगस्त 2008) बीएसईबी से लोड को 134 केवीए तक कम करने का अनुरोध किया लेकिन अभी (दिसंबर 2021) भी ऐसा होना बाकी है। अगस्त 2008 से दिसंबर 2021 की अवधि के लिए लोड में कमी न होने के कारण किया गया अतिरिक्त व्यय ₹15.20 लाख था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि केन्द्रीय पूनी संयंत्र ने 2001-02 से 2020-21 की अवधि के दौरान आवश्यकता से अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की स्थापना और बिजली भार के अविवेकपूर्ण आकलन के कारण ₹61.17 लाख का परिहार्य व्यय किया।

---

*[54] तीन वर्ष - 2018-19 से 2020-21*

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि प्रस्तावित नवीनीकरण पूरा होने तक अनुबंध की मांग को मौजूदा स्तर पर बनाए रखना आवश्यक था। उत्तर को इस तथ्य के मद्देनजर देखा जा सकता है यह कि यह उच्च क्षमता के साथ बिजली ट्रांसफार्मर की स्थापना और बिजली लोड आवश्यकता के गलत आकलन के बारे में निरुत्तर है। आगे, भार में कमी का प्रस्ताव अगस्त 2008 में प्रस्तुत किया गया था जबकि नवीनीकरण परियोजना को सितंबर 2018 में ही मंजूरी दी गई थी।

**iv. सौर पैनल**

सितंबर 2017 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, सभी संयंत्र प्रबंधकों को ऊर्जा बचाने के लिए जल्द से जल्द सौर ऊर्जा पैनलों की स्थापना सुनिश्चित करनी होगी। लेखापरीक्षा में पाया गया कि किसी भी केन्द्रीय पूनी संयंत्र ने सौर पैनल स्थापित नहीं किए हैं। हालांकि सीएसपी रायबरेली ने सौर ऊर्जा पैनलों की स्थापना के लिए प्रस्ताव (दिसंबर 2016) भेजा था, आगे कोई प्रगति नहीं देखी गई।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि खादी कच्चा माल निदेशालय को सोलर पैनल लगाने के लिए प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं।

तथ्य यह है कि सौर पैनलों की स्थापना के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया में केन्द्रीय पूनी संयंत्रों द्वारा पांच साल बाद भी निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया।

***सिफारिश संख्या 8***

***केन्द्रीय पूनी संयंत्र उत्पादन दक्षता में सुधार लाने के लिए केवीआईसी अनुदेशों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करे जैसे कि नियमित और निवारक अनुरक्षण करना, ऊर्जा लेखापरीक्षा में लाई गई सिफारिशों को कार्यान्वित करना, सौर पैनलों की स्थापना करना आदि।***

### 4.4.3 केन्द्रीय पूनी संयंत्रों में परीक्षण प्रयोगशालाओं का अल्प प्रयोग

खादी संस्थानों और खादी ग्रामोघोग भवनों द्वारा भेजे गए कपड़ों का केन्द्रीय पूनी प्लांट प्रयोगशालाओं में परीक्षण[55] किया जाता है ताकि खादी (कपास, ऊन, रेशम, पॉली या मिश्रण) की मौलिकता की जांच की जा सके। केन्द्रीय पूनी संयंत्र में निर्मित रोविंग और स्लिवर का परीक्षण भी प्रयोगशालाओं में किया जाता है। मानक संचालन प्रक्रिया (सितंबर 2017) के अनुसार बैठक में केन्द्रीय पूनी संयंत्रों की परीक्षण प्रयोगशालाओं का पूरा उपयोग करने का निर्णय लिया गया और केवीआईसी को उत्पादों की आपूर्ति करने वाले सभी खादी संस्थानों को निर्देश दिया गया कि वे केन्द्रीय पूनी संयंत्रों में अपने कपड़े का परीक्षण करें। आगे, खादी ग्रामोघोग भवनों को निर्देश दिया गया था कि वे केन्द्रीय पूनी प्लांट की परीक्षण प्रतिवेदन के साथ खादी संस्थानों से कपड़े को स्वीकार करें। खादी उत्पादों के नमूनों के परीक्षण में कमी का पैराग्राफ 4.2 में व्याख्या किया गया है।

इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित का अवलोकन किया:

i. 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान हाजीपुर और कुट्टूर के सीएसपी ने अपनी प्रयोगशालाओं में कोई परीक्षण नहीं किया और सीएसपी रायबरेली ने केवल एक परीक्षण किया।

ii. सीएसपी सीहोर में कपड़े, रोविंग और स्लिवर के परीक्षण के लिए एक परिचालन परीक्षण प्रयोगशाला थी जिसमें एक दिन में तीन परीक्षण करने की क्षमता थी अर्थात एक वर्ष में 831 कपड़ों[56] का परीक्षण किया जा सकता है। लेखापरीक्षा में पाया गया कि 2017-18 से 2020-21 के दौरान वास्तविक वार्षिक परीक्षण 29 से 183 परीक्षणों के बीच था अर्थात, क्षमता का केवल 22 प्रतिशत[57] तक।

iii. सीएसपी, चित्रदुर्ग में 2017-18 से 2020-21 के दौरान वास्तविक वार्षिक परीक्षण 5 से 85 परीक्षणों के बीच था अर्थात, क्षमता का 10 प्रतिशत तक।

---

*[55] खादी उत्पादों में लेन-देन करने के लिए सभी खादी संस्थानों को खादी मार्क प्राप्त करना आवश्यक है। खादी मार्क विनियम 2013 के अनुसार, खादी उत्पादों के नमूनों का परीक्षण केंद्र या राज्य सरकारों के साथ पंजीकृत किसी भी प्रयोगशाला में किया जा सकता है।*

*[56] एक महीने में 26 कार्य दिवसों और एक वर्ष में 35 छुट्टियों/छुट्टियों (एक महीने में 26 दिन x 12 महीने - 35 दिन) पर विचार करने के बाद 277 कार्य दिवसों के लिए प्रति दिन तीन परीक्षण।*

*[57] 22 प्रतिशत = 183/831 x100*

केन्द्रीय स्लिवर संयंत्रों में परीक्षण प्रयोगशालाओं के कम उपयोग के कारणों का प्रबंधन द्वारा उल्लेख नहीं किया गया था।

केवीआईसी/मंत्रालय (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कहा कि राज्य/मंडल निदेशकों को और अधिक खादी संस्थानों से नमूने परीक्षण के लिए केन्द्रीय पूनी संयंत्रों में भेजने के लिए कहा जा रहा था। इन निर्देशों के बावजूद, तथ्य यह है कि केवीआईसी प्रबंधन यह सुनिश्चित करने में विफल रहा कि खादी संस्थान अपने उत्पादों का परीक्षण केन्द्रीय स्लिवर संयंत्र में करवाते हैं जिससे अधिष्ठापित क्षमता का पूरा उपयोग किया जा सके।

केवीआईसी/मंत्रालय ने आगे (अगस्त 2022) कहा कि खादी संस्थानों द्वारा केवीआईसी के अतिरिक्त अन्य खरीदारों को बेचे जा रहे खादी उत्पादों के लिए केन्द्रीय पूनी संयंत्र प्रयोगशालाओं में परीक्षण अनिवार्य नहीं था। उत्तर को इस तथ्य के आलोक में देखा जा सकता है कि लेखापरीक्षा अवलोकन प्रयोगशालाओं के कम उपयोग पर है और केवीआईसी यह सुनिश्चित करने में विफल रहा कि खादी ग्रामोघोग भवनों/सरकारी विभागों को उत्पादों की आपूर्ति करने वाले खादी संस्थानों ने मानक प्रचालन प्रक्रिया/परिपत्र द्वारा यथा अपेक्षित केन्द्रीय स्लिवर संयंत्र प्रयोगशालाओं से परीक्षण प्रमाण-पत्र प्राप्त किए थे। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि खादी ग्रामोघोग भवन पैराग्राफ 4.2 में दिए गए विवरण के अनुसार पर्याप्त रूप से परीक्षण न करके खादी उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं।

***सिफारिश संख्या 9***

***केवीआईसी यह सुनिश्चित करे कि केवीआईसी को खादी उत्पादों की आपूर्ति करने वाले खादी संस्थान निर्धारित मानदंडों के अनुसार केन्द्रीय पूनी संयंत्रों से परीक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करें जिससे गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपलब्ध परीक्षण क्षमता का उपयोग किया जा सके।***

***सिफारिश संख्या 10***

***केवीआईसी उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र में भी बेचे जाने वाले खादी उत्पादों के नमूना परीक्षण के लिए एक प्रक्रिया तैयार कर सकता है।***

### 4.4.4 अधिशेष भूमि का उपयोग

सितंबर 2017 में जारी केन्द्रीय पूनी संयंत्रों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित की गई कि सीएसपी चित्रदुर्ग और सीहोर में उपलब्ध अधिशेष भूमि का उपयोग अतिरिक्त आय उत्पन्न करने के लिए किया जाना चाहिए। यह निर्देश दिया गया था कि अतिरिक्त भूमि का उपयोग शहद मिशन[58] के लिए परिसर में तुलसी और मुरुंगा (ड्रमस्टिक्स) पौधों को उगाकर और मधुमक्खी कॉलोनियों के साथ मधुमक्खी बक्से स्थापित किये जाएंगे, जिसमें योग्य कृषि वैज्ञानिक उच्च गुणवत्ता वाले शहद और अन्य मधुमक्खी उत्पादों का उत्पादन करने के लिए परिसर में वनस्पति समूह-प्राणिता की रचना के लिए ब्लू प्रिंट तैयार करेंगे। इस संबंध में, लेखापरीक्षा में पाया गया कि चित्रदुर्ग और सीहोर के सीएसपी में, परिकल्पित पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी अतिरिक्त आय उत्पन्न नहीं की जा सकी, मधुमक्खी कॉलोनियों के मधुमक्खी बक्से की आपूर्ति नहीं की गई और शहद का उत्पादन शुरू नहीं हुआ।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (दिसंबर 2021/अगस्त 2022) कि हनी मिशन कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए मधुमक्खी कॉलोनियों के साथ मधुमक्खी बक्से प्रदान करने के लिए इस मामले को वन आधारित उद्योग निदेशालय, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई के साथ उठाया जाएगा। उत्तर को इस तथ्य के आलोक में देखा जा सकता है कि केवीआईसी द्वारा योजना का कार्यान्वयन न किए जाने का कोई कारण प्रस्तुत नहीं किया गया था।

### 4.4.5 निरर्थक व्यय और किराया की गैर-प्राप्ति

केवीआईसी ने विशेष रोजगार कार्यक्रम को लागू करने के लिए बिहार के सहरसा जिले में तैनात नए मॉडल चरखों को स्लीवर/रोविंग प्रदान करने हेतु एक केन्द्रीय पूनी संयंत्र स्थापित करने के लिए ₹2.40 करोड़ की लागत से भवनों सहित भूमि का एक टुकड़ा (1992) खरीदा। फिर भी, अगस्त 1999 में, केवीआईसी ने सहरसा में एक केन्द्रीय पूनी संयंत्र स्थापित करने के विचार को रोकने का फैसला किया और उक्त भूमि की एकमुश्त बिक्री के लिए प्रयास किए। चूंकि केवीआईसी भूमि और भवन को बेचने में असमर्थ था, इन्हें जिला कलेक्टर द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सहरसा को ₹1.47 लाख प्रति माह के

---

[58] ***मधुमक्खी पालन गतिविधियों को बढ़ावा देने और लाभार्थियों को मधुमक्खी बक्से, जीवित मधुमक्खी कॉलोनियां, टूल किट और प्रशिक्षण प्रदान करके आत्मनिर्भर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए केवीआईसी द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम।***

किराये के मूल्य पर पांच साल के लिए किराए पर दिया गया था, जिसमें हर साल पांच प्रतिशत की दर से किराए पर वार्षिक वृद्धि थी।

इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित का अवलोकन किया:

- लीज समझौते का निष्पादन अभी भी लंबित (अगस्त 2022) है।
- आईटीआई, सहरसा द्वारा केवीआईसी को कोई किराया राशि का भुगतान नहीं किया गया था, जिसके कारण आईटीआई, सहरसा द्वारा देय लंबित राशि जुलाई 2022 तक ₹3.46 करोड़ थी।
- सीएसपी सहरसा की स्थापना के लिए किए गए ₹2.40 करोड़ के व्यय ने विशेष रोजगार कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरा नहीं किया।
- सीएसपी हाजीपुर (सहरसा के प्रशासनिक नियंत्रक) द्वारा 2007-08 से 2020-21 की अवधि के लिए किए गए ₹32.20 लाख की सुरक्षा, बीमा और अन्य खर्चों पर व्यय उचित नहीं है क्योंकि इन संपत्तियों को किराए पर दिया गया था।

केवीआईसी/मंत्रालय ने (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कहा कि किराए से संबंधित मामला अपीलीय प्राधिकारी, सहरसा के पास विचाराधीन था।

उत्तर में विशेष रोजगार कार्यक्रम के लिए भूमि और भवन के विपथन, किराए की गैर-प्राप्ति और रखरखाव व्यय के लिए परिहार्य व्यय की व्याख्या नहीं की गई है।

## 4.5 खादी ग्रामोघोग भवनों और केन्द्रीय पूनी संयंत्रों के अतिरिक्त विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा खरीद और उत्पादन

2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान, खादी ग्रामोघोग भवनों और केन्द्रीय पूनी संयंत्रों के अलावा छह[59] विभागीय व्यापारिक इकाइयों ने ₹55.18 करोड़ के व्यापारिक उत्पादों और कच्चे माल की कुल खरीद की। इन इकाइयों द्वारा की गई खरीद के संबंध में लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर नीचे चर्चा की गई है।

---

[59] *छह विभागीय ट्रेडिंग इकाइयां अर्थात् क्षेत्रीय सीमा विकास कार्यालय (आरबीडीओ), बाड़मेर, कोकून खरीद, रांची, केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (सीबीआरटीआई), पुणे, हस्तनिर्मित पेपर संस्थान (एचएमपीआई), मुंबई और मल्टी-डिसिप्लिनरी ट्रेनिंग सेंटर (एमडीटीसी), डहाणू, और स्वीकृत निविदा आपूर्ति, मुंबई।*

### 4.5.1 क्षेत्रीय सीमा विकास कार्यालय (आरबीडीओ), बाड़मेर

इस इकाई की स्थापना राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में उत्पादन बढ़ाने एवं अनुवर्ती रोजगार सृजन तथा कारीगरों के कमाई को बढ़ाने के लिए की गई थी।

इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने पाया कि:

i. इकाई ने न तो वार्षिक खरीद योजना तैयार की थी और न ही खादी उत्पादक संस्थानों की सूची रखी थी और न ही आपूर्तिकर्ताओं के साथ समझौते किए थे। आगे, यह भी देखा गया कि खरीद समिति का गठन नहीं किया गया था और खादी उत्पादों को लिखित आदेश के बिना खरीदा गया था। चालान-वार भुगतान के बजाय 13 आपूर्तिकर्ताओं को नियमित आधार पर ₹1.27 करोड़ का एकमुश्त भुगतान किया गया था।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि समय-समय पर गठित खरीद समितियों के निर्णयों के अनुसार खरीद की गई थी। यह भी कहा गया था कि इकाई आपूर्तिकर्ता-वार खातों का रखरखाव कर रही है और बकाया राशि के आधार पर भुगतान किया जाता है।

जवाब की पुष्टि नहीं की जा सकी क्योंकि केवीआईसी खरीद समिति की बैठकों के ब्योरे और भुगतान विवरण से संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। आगे, खरीद समिति द्वारा कोई भी अनुमोदन इकाई को अनुमोदित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुपालन की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं कर सकता है।

ii. खरीद रजिस्टर की समीक्षा से पता चला कि वर्ष 2017-18 से 2020-21 के दौरान 13 खादी संस्थानों से ₹1.27 करोड़ की पर्याप्त खरीद की गई। 2017-21 के दौरान, बीकानेर जिले में स्थित संस्थानों ने राजस्थान में खादी संस्थानों से कुल खरीद का 82.70 प्रतिशत अर्थात ₹1.05 करोड़ मूल्य के सामानों की आपूर्ति की जिसमें एक आपूर्तिकर्ता भी शामिल था जिसने कुल खरीद का 30.31 प्रतिशत (₹38.20 लाख) की आपूर्ति की। बाड़मेर जिले और इसके आस-पास के जिलों (जैसलमेर, जोधपुर और जालौर) के किसी भी खादी संस्थान से ₹0.47 लाख की एकमात्र खरीद को छोड़कर कोई खरीद नहीं की गई थी। हालांकि पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं की कोई सूची नहीं मिली, फिर भी, लेनदारों की सूची से, ऐसा प्रतीत होता है कि 40 से अधिक खादी संस्थानों ने वर्षों से आरबीडीओ को माल की आपूर्ति की है। इस तथ्य को आरबीडीओ बाड़मेर की स्थापना के औचित्य के संदर्भ में देखा

जाना चाहिए अर्थात, खादी उत्पादन द्वारा अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए सीमावर्ती जिलों के निवासियों को खादी संस्थान क्षेत्र में लाभकारी रोजगार प्रदान करना।

एक विशिष्ट जिले में स्थित सीमित संख्या में आपूर्तिकर्ताओं से महत्वपूर्ण मात्रा में माल की खरीद का बाड़मेर और अन्य आसपास के जिलों के निवासियों की आर्थिक स्थिति में सुधार और रोजगार के अवसरों पर कोई सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि बाड़मेर और आसपास के जिलों में स्थित खादी संस्थाओं द्वारा उत्पादन में कमी के कारण अन्य जिलों में खादी संस्थाओं से खरीद की गई।

तथ्य, फिर भी, यह बना हुआ है कि खरीद एक विशिष्ट क्षेत्र में और आपूर्तिकर्ताओं की सीमित संख्या के साथ केंद्रित थी। आगे, बाड़मेर जिले में उत्पादन/खरीद बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में उत्तर निरुत्तर है।

iii. आरबीडीओ बाड़मेर उत्पादन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगातार विफल रहा है। 2017-18 से 2020-21 के दौरान लक्ष्यों की प्राप्ति 9.61 प्रतिशत से 19.13 प्रतिशत के बीच थी। आरबीडीओ बाड़मेर के अंतर्गत 16 उत्पादन केंद्रों में से, जनवरी 2022 तक केवल दो केंद्र अर्थात शास्त्री ग्राम (बाड़मेर) और वैकुंठ ग्राम (जैसलमेर), इन केंद्रों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए एक मल्टी टास्किंग स्टाफ के साथ कार्यात्मक थे।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जनवरी 2022) कि उत्पादन बढ़ाने के लिए वितरित किए गए नए मॉडल चरखे से उत्पादन 2018-19 में ₹19.13 लाख, 2019-20 में ₹12.02 लाख और 2017-18 में ₹6.82 लाख से बढ़कर 2020-21 में ₹21.42 लाख हो गया है फरवरी 2019 में बहु-अनुशासनात्मक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया था, स्पिनरों और बुनकरों को प्रशिक्षित किया जा रहा था और उत्पादन प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा था। केवीआईसी से अप्रैल 2019 और अगस्त 2020 में अतिरिक्त जनशक्ति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि हालांकि पिछले तीन वर्षों में उत्पादन में वृद्धि हुई है, यह ₹1.25 करोड़ के लक्ष्य के आसपास भी नहीं था और परिकल्पित व्यापक पुनरुद्धार कदम अभी तक नहीं उठाए गए हैं।

### 4.5.2 कोकून खरीद, रांची

यह इकाई रेशम कोकून खरीदती है और उन्हें रेशम उत्पादन[60] इकाइयों को आपूर्ति करती है। केवीआईसी ने कच्चे माल की खरीद नीति पर पिछले सभी परिपत्रों की जगह कपास, ऊन और रेशम के कच्चे माल की खरीद की पद्धति को अनुमोदित (अप्रैल, 2013) किया। 2017-18 से 2020-21 के दौरान इकाई द्वारा ₹35 लाख की खरीद की गई।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि हालांकि केवीआईसी को रेशम खरीद की पद्धति को सरकारी एजेंसियों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है, खादी संस्थानों ने केवल खुले बाजार[61] से कोकून खरीदा। क्रय समिति का गठन नहीं किया गया था। कोकून की खरीद पर खादी संस्थाओं द्वारा खरीदी गई वस्तुओं/गांठों के उचित स्टॉक एंट्री और उचित पारगमन और पर्याप्त स्टॉक बीमा की प्रणाली को रांची स्थित केवीआईसी के राज्य कार्यालय द्वारा सुनिश्चित नहीं किया जा सका।

केवीआईसी/मंत्रालय ने (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कहा कि खरीद समिति का गठन किया गया था और निजी आपूर्तिकर्ताओं से खरीद केवल तभी की गई थी जब आवश्यक विनिर्देश के कोकून उपलब्ध नहीं थे। उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि केवीआईसी ने सरकारी एजेंसियों के पास आवश्यक विनिर्देश के रेशम कोकून की अनुपलब्धता के लिए कोई दस्तावेजी सबूत पेश नहीं किया था। आगे लेखापरीक्षा को प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार, खरीद समिति का गठन नहीं किया गया था और प्रशासनिक अनुमोदन के लिए प्रलेखन उचित प्रारूप में नहीं था। अनुमोदन प्रक्रिया में अनुमोदन अधिकारी के नाम और पदनाम को दर्ज किए बिना चालान पर हस्ताक्षर करना शामिल था और इसलिए वैधता की कमी थी।

### 4.5.3 केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पुणे

इस इकाई की स्थापना, मधुमक्खी पालकों से खरीदे गए कच्चे शहद के प्रसंस्करण और बोतलबंद शहद बेचने के लिए की गई थी। यह इकाई शहद उत्पादन के संबंध में प्रशिक्षण और परीक्षण सुविधाएं भी प्रदान कर रही है। इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित का अवलोकन किया:

---

*[60] रेशम उत्पादन के लिए रेशम कीटों की खेती रेशम उत्पादन है।*

*[61] कृषि उपज मंडी समिति में किसान/एजेंट।*

#### 4.5.3.1 गुणवत्ता आश्वासन

चूंकि इकाई ने पिछले दो वर्षों के दौरान केवीआईसी को अनुमोदन के लिए खरीद समिति की बैठकों का कार्यवृत्त नहीं भेजा था, केवीआईसी ने खेप के आधार पर शहद की खरीद के लिए एक खरीद समिति (अगस्त 2018) का गठन (अगस्त 2018) किया। शहद की गुणवत्ता आश्वासन/परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए, समिति ने फैसला किया कि खेप की खरीद करते समय, परीक्षण उद्देश्य के लिए प्रत्येक खेप से बोतलबंद शहद का नमूना लिया जाना चाहिए। फिर भी, यह देखा गया कि खरीद समिति द्वारा लिए गए निर्णय का उल्लंघन करते हुए, इकाई ने अपनी परीक्षण प्रयोगशाला होने के बावजूद 2017-18 से 2020-21 के दौरान विभिन्न खादी संस्थानों से खरीदे गए शहद पर एक भी परीक्षण नहीं किया। आगे आपूर्तिकर्ताओं द्वारा प्रदान की गई शहद की परीक्षण प्रतिवेदन विश्वसनीय नहीं थी क्योंकि परीक्षण प्रयोगशाला ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि नमूना इसके द्वारा नहीं लिया गया था जिसे करने की भी आवश्यकता थी। इस प्रकार, इकाई ने यह सुनिश्चित नहीं किया था कि नमूने उसी लॉट से लिए गए थे, जिसकी आपूर्ति की गई थी।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि तकनीकी जनशक्ति की अनुपलब्धता के कारण रसायन विज्ञान प्रयोगशाला में नमूनों का परीक्षण नहीं किया गया था। उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि यह केवीआईसी की जिम्मेदारी थी कि वह परीक्षण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करने के बाद अपने आउटलेट के माध्यम से बेचे जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करे।

#### 4.5.3.2 शहद प्रसंस्करण संयंत्र

शहद प्रसंस्करण संयंत्र पानी की मात्रा को कम करके और अन्य निर्धारित मापदंडों को बनाए रखते हुए कच्चे शहद को विपणन योग्य उत्पाद में परिवर्तित करता है। 2011 तक, इकाई मधुमक्खी पालकों से कच्चा शहद इकट्ठा कर रही थी और अपने परिसर से जुड़े शो रूम के माध्यम से संसाधित और बोतलबंद शहद बेच रही थी। 2011 से, इकाई ने उत्पादन/प्रसंस्करण गतिविधियों को बंद कर दिया था और केवल खेप की बिक्री में लगी हुई थी। यह व्यापारिक गतिविधि आपूर्तिकर्ताओं से कमीशन (औसतन 40 प्रतिशत) वसूलने के बाद बाहरी फर्मों को अपने शहद उत्पादों को बेचने के लिए अपने शो रूम में जगह प्रदान करने तक सीमित थी। फरवरी 2017 में, इकाई ने "नवाचार, ग्रामीण उद्योग और

उद्यमिता को बढ़ावा देने की योजना (एस्पायर)[62]" के तहत स्वीकृत धन के साथ मेसर्स तिवाना बी फार्म, लुधियाना से एक नया संयंत्र खरीदा। एस्पायर योजना के अंतर्गत संयंत्र के लिए स्वीकृत कुल बजट ₹29 लाख था। बॉटलिंग इकाई की खरीद नहीं होने के कारण इकाई ने केवल ₹15.77 लाख का उपयोग किया था। अप्रैल 2017 में यह आकलन करने के लिए परीक्षण किए गए थे कि क्या संयंत्र नमी में कमी और एचएमएफ[63] में वृद्धि के संबंध में निर्धारित मापदंडों को प्राप्त कर सकता है। संयंत्र परीक्षण में और जुलाई तथा अगस्त 2018 में किए गए बाद के परीक्षणों में बेंचमार्क हासिल करने में विफल रहा। शहद प्रसंस्करण संयंत्र आवश्यक विनिर्देशों के अनुसार प्रदर्शन करने में सक्षम नहीं होने के बावजूद, आपूर्तिकर्ता को संयंत्र (मार्च 2019) के लिए पूरी राशि (₹15.77 लाख) का भुगतान किया गया था। लेखापरीक्षा में पाया गया कि संयंत्र का उपयोग जुलाई 2019 तक 3,000 किलोग्राम कच्चे शहद (परीक्षणों सहित) के प्रसंस्करण के लिए किया गया था और अगस्त 2019 से निष्क्रिय पड़ा हुआ है। आगे इस योजना के तहत धन उपलब्ध होने के बावजूद बॉटलिंग प्लांट को नहीं खरीदने के कारण जो आवश्यक थे, यदि इकाई संसाधित और बोतलबंद शहद बेचना शुरू करना चाहती थी, अभिलेख में नहीं थे।

इकाई द्वारा इस बात की पुष्टि की गई है कि इसने संयंत्र की निष्क्रियता अवधि के दौरान कोई आवधिक रखरखाव गतिविधि नहीं की है। इतनी लंबी अवधि के लिए आवधिक रखरखाव के बिना संयंत्र का उपयोग न करने से मशीनरी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस प्रकार, संयंत्र पर किए गए ₹15.77 लाख के पूरे व्यय को निरर्थक बना दिया गया क्योंकि इकाई ने संयंत्र का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया था।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि संयंत्र का उपयोग केवल प्रशिक्षण उद्देश्य के लिए किया जा रहा था क्योंकि बार-बार विज्ञापन दिए जाने के बावजूद, राज्य के स्थानीय मधुमक्खी पालक दूरस्थ स्थानों से पुणे तक कच्चे शहद के परिवहन की लागत, परीक्षण लागत, पुणे में लोडिंग अनलोडिंग, बॉटलिंग, पैकिंग आदि के लिए उच्च श्रम लागत जैसे कारणों से शहद के प्रसंस्करण की सुविधा का लाभ उठाने के लिए आगे

---

*[62] मार्च 2015 में शुरू की गई एस्पायर योजना का उद्देश्य उद्यमिता में तेजी लाने और कृषि उद्योग में नवाचार और उद्यमिता के लिए स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित करना था।*

*[63] एचएमएफ (हाइड्रोक्सीमिथाइलफुरल) का उपयोग शहद में गर्मी और भंडारण परिवर्तन के संकेतक के रूप में किया जाता है। एचएमएफ एक एसिड की उपस्थिति में फ्रुक्टोज के टूटने से बनता है। गर्मी इस प्रतिक्रिया की गति को बढ़ाती है।*

नहीं आते हैं। यह भी आश्वासन दिया गया था कि इकाई संयंत्र का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करेगी। उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जाना चाहिए कि संयंत्र की स्थापना से पहले स्थान की दूरस्थता, उत्पादकों की अनुपलब्धता आदि पर विचार किया जाना चाहिए था।

***सिफारिश संख्या 11***

***केवीआईसी मधुमक्खी पालकों के साथ गठजोड़ और परिवहन की व्यवस्था करके वर्तमान स्थल पर कच्चे शहद की आपूर्ति सुनिश्चित करने जैसे विकल्पों की खोज करके इच्छित उद्देश्यों के लिए शहद प्रसंस्करण संयंत्र का उपयोग करे। केवीआईसी निर्धारित परीक्षण प्रक्रियाओं का पालन करके अपने आउटलेट के माध्यम से बेचे जाने वाले शहद उत्पादों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करे।***

### 4.5.4 बहु-विषयक प्रशिक्षण केंद्र, डहाणू

यह इकाई कारीगरों को कताई, बुनाई आदि जैसे विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण प्रदान करती है, और उत्पादन और व्यापारिक गतिविधियों को भी अंजाम देती है। इकाई का ग्रामीण अभियांत्रिकी उद्योग प्रभाग बिक्री के लिए नए मॉडल चरखे को इकट्ठा करता है और पाम गुर उद्योग प्रभाग पाम गुर[64] तथा नीरा के उत्पादन एवं बिक्री में लगा हुआ है। फिर भी, 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान, पाम गुर उद्योग प्रभाग ने पाम गुर का उत्पादन या प्रक्रिया नीरा का उत्पादन नहीं किया। उनकी गतिविधि बाहरी एजेंसियों से खरीदी गई नीरा की पैकिंग और बिक्री तक ही सीमित थी।

केवीआईसी की "सहयोग योजना"[65] के हिस्से के रूप में, बहु-विषयक प्रशिक्षण केंद्र, डहाणू ने राज्य कार्यालय, केवीआईसी, जम्मू को ₹28.52 लाख की लागत से 100 की संख्या में '8 स्पिंडल न्यू मॉडल चरखों' की आपूर्ति की। राज्य निदेशक (जम्मू और कश्मीर), केवीआईसी द्वारा यह सूचित किया गया था कि नए मॉडल चरखों को पालने और एप्रन

---

*[64] पाम गुड़ वो गुड़ है जिसे ताड़ के रस से बनाया जाता है।*

*[65] केवीआईसी ने खादी के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) मोड के तहत "सहयोग योजना" (2017) शुरू की और इसमें इस अभियान के तहत अतिरिक्त बेरोजगार पुरुषों और महिलाओं को शामिल किया गया, जिन्हें खादी कताई के लिए प्रशिक्षण और मुफ्त 8-स्पिंडल एनएमसी चरखा प्रदान किया जाएगा और लाभकारी रोजगार मिलेगा। इन व्यक्तियों को प्रशिक्षण, कच्चे माल, विपणन सहायता आदि के संदर्भ में पिछड़ा लिंकेज प्रदान करने के लिए पास के खादी संस्थानों या इच्छुक गैर सरकारी संगठनों से जोड़ा जाएगा।*

के साथ ठीक से फिट नहीं किया गया था और मध्य शीर्ष रोल जो एप्रन के साथ फिट किया गया था, रबर लेपित (धातु या टेफ्लॉन के बजाय) था, जिसमें अच्छे से चलने के लिए नाली नहीं थी। दोषों को सुधारने के लिए बहु-अनुशासनात्मक प्रशिक्षण केंद्र, दहाणू द्वारा भेजे गए तकनीशियनों ने केवीआईसी के राज्य निदेशक से असहमति व्यक्त की और निर्देशों का पालन नहीं किया। आगे तकनीशियन निर्देश के अनुसार अधिष्ठापन कार्य को पूरा किए बिना चले गए। लेखापरीक्षा में पाया गया कि बहु-अनुशासनात्मक प्रशिक्षण केंद्र, डहाणू ने चार अवसरों[66] पर लेह में स्थापना और प्रशिक्षण के लिए तकनीकी कर्मचारियों को भेजा और तकनीकी यात्राओं पर कुल ₹2.49 लाख व्यय किए। फिर भी, लद्दाख क्षेत्र में कारीगरों को नए मॉडल चरखों और करघों की आपूर्ति पर किया गया व्यय निरर्थक रहा क्योंकि उपकरण अभी भी बेकार (अगस्त 2022) पड़े हैं।

केवीआईसी/मंत्रालय ने (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कहा कि राज्य निदेशक, जम्मू द्वारा धातु एप्रन के पालना, एप्रन और मध्य शीर्ष रोल जैसे आवश्यक भागों को बदलने और फिट करने के संबंध में सौंपे गए कार्य को निर्देशों के अनुसार पूरा किया गया था।

उत्तर दस्तावेजों के साथ समर्थित नहीं था और चरखों की स्थिति पर भी मौन था जोकि स्थापना और प्रशिक्षण संबंधी मुद्दों के कारण बेकार पड़े थे। तथ्य यह है कि उपकरणों पर किया गया व्यय बेकार रहा।

---

[66] ***मई 2019, जुलाई 2021, अगस्त 2021 और सितंबर 2021***

# अध्याय V

# विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा विपणन और बिक्री

# अध्याय V
# विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा विपणन और बिक्री

विभागीय व्यापारिक इकाइयों द्वारा खादी और ग्रामोघोग उत्पादों[67] के विपणन और बिक्री की निगरानी खादी ग्रामोघोग भवनों और सरकारी आपूर्ति के मामले में विपणन निदेशालय द्वारा, केन्द्रीय पूनी संयंत्रों (सीएसपी) के मामले में खादी कच्चे माल के निदेशालय द्वारा और अन्य विभागीय व्यापारिक इकाइयों के मामले में संबंधित निदेशालयों द्वारा की जाती है।

## 5.1 खादी और ग्रामोघोग आयोग द्वारा विपणन पहल

विपणन निदेशालय, केवीआईसी स्थायी वित्त समिति (एसएफसी[68]) द्वारा तैयार और अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना के अनुसार खादी और ग्रामोघोग उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से परियोजनाओं और योजनाओं को कार्यान्वित करता है। 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान, निदेशालय ने कई विपणन पहल को लागू करने का प्रयास किया जिसमें शामिल हैं:

क) खादी सुधार विकास कार्यक्रम (केआरडीपी) के अंतर्गत ई-कॉमर्स, बाजार सर्वेक्षण, उत्पाद सूची और स्वाच बुक का विकास।

ख) विपणन परामर्शदाताओं की भर्ती, फ्रेंचाइजी योजना का कार्यान्वयन और खादी कोर्नर्स का सृजन, खादी प्लाजा का निर्माण और बाजार संवर्धन विकास सहायता (एमपीडीए) के अंतर्गत बिक्री केन्द्रों का नवीकरण।

ग) बिक्री संवर्धन के लिए कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन, फ्लिपकार्ट और अमेज़ॅन के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री को व्यापक बनाने के प्रयास और खादी ट्रेडमार्क के पंजीकरण जैसी अन्य पहल।

---

*[67] खादी यार्न, कपड़े और वस्त्र, सूती रोविंग और पूनी, पॉलीवस्त्र और ग्रामोघोग उत्पाद जैसे शहद, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद, मसाले और कॉनडिमेंट्स, हर्बल सौंदर्य उत्पाद आदि।*

*[68] केवीआईसी का एसएफसी केवीआईसी अधिनियम-1956 की धारा 19 ए के तहत आयोग के सदस्यों में से और केवीआईसी के सीईओ और वित्तीय सलाहकार के पदेन सदस्यों के रूप में गठित किया गया है। एसएफसी वार्षिक बजट और वार्षिक कार्य योजनाओं आदि को मंजूरी देता है, जिसमें वित्तीय व्यय शामिल होता है।*

खादी और ग्रामोघोग उत्पादों, उत्पाद सूची, निर्यात खिड़की, आभासी बाजार आदि एवं ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की स्थापना के लिए खादी सुधार विकास कार्यक्रम (केआरडीपी) निधि से ₹19.30 करोड़ की राशि आवंटित (जुलाई 2019) की गई थी।

### 5.1.1 ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का विकास

केवीआईसी ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) आधार पर खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के ऑनलाइन विपणन के लिए एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के विकास और संचालन के लिए प्रस्ताव (आरएफपी) जारी किया, जिसमें डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मॉडल 10 वर्ष के रियायत अवधि के साथ अपनाया गया, जो रियायतग्राही के विकल्प पर अतिरिक्त 10 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता था। रियायतग्राही केवीआईसी को रॉयल्टी के रूप में बिक्री राजस्व का एक प्रतिशत भुगतान करेगा। पहचान किए गए राजस्व धाराओं में ई-कॉमर्स वेबसाइट से ऑनलाइन बिक्री और विज्ञापन/प्रचार अधिकार थे। प्रस्ताव के लिए अनुरोध की शर्तों के अनुसार, विजेता बोलीदाता खादी इंडिया ब्रांड नाम के तहत खादी और ग्रामोघोग उत्पादों को ऑनलाइन बेचने के लिए विशेष अधिकार रखने वाली एक विशेष इकाई बनाएगा। मेसर्स सम्मन वेंचर्स लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को 7.5 प्रतिशत के रियायत शुल्क के साथ अनुबंध दिया गया था। केवीआईसी ने (जनवरी 2020) केवीआईओ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से विशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीसी) के साथ रियायत समझौते में प्रवेश किया। *ekhadiindia.com* के रूप में नामित ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के बीटा संस्करण को चालू (अक्टूबर 2020) किया गया था और पोर्टल को आधिकारिक तौर पर 1 जनवरी 2021 को लॉन्च किया गया था। पोर्टल में 138 पंजीकृत बिक्री इकाइयों के साथ लगभग 2,800 उत्पादों की एक श्रृंखला है और फरवरी 2022 तक की अवधि के दौरान कुल ₹1.13 करोड़ की बिक्री हुई।

इस संबंध में, लेखापरीक्षा में परियोजना की योजना बनाने के साथ-साथ अनुबंध प्रदान करने और कार्यान्वयन में खामियां पाई गई, जैसा कि नीचे चर्चा की गई है:-

#### 5.1.1.1 परियोजना की योजना और अनुबंध प्रदान करना

**i. सूचना प्रौद्योगिकी सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजनाओं पर दिशानिर्देशों का अनुपालन**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) द्वारा जारी सूचना प्रौद्योगिकी सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजनाओं के लिए मार्गदर्शन नोट में

आवश्यकतानुसार, परियोजना की पहचान के लिए सांकेतिक कार्यान्वयन योजना तैयार किए जाने की आवश्यकता थी। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय मार्गदर्शन नोट के लिए यह भी आवश्यक है कि पीपीपी प्रायोजक को वित्तीय और आर्थिक व्यवहार्यता निर्धारित करने के लिए अनुसंधान और विश्लेषण करना चाहिए। लेखापरीक्षा में पाया गया कि केवीआईसी ने प्रारंभिक आउटपुट विनिर्देशों, धन मूल्यांकन के लिए मूल्य, प्रारंभिक जोखिम मूल्यांकन, बैंकीयता मूल्यांकन, कानूनी व्यवहार्यता विनिर्देश आदि का निर्धारण करते हुए सांकेतिक कार्यान्वयन योजना तैयार नहीं की थी। आगे, यह इंगित करने के लिए कोई सबूत नहीं था कि केवीआईसी ने परियोजना के लिए अनुरोध प्रस्ताव को विकसित करने और जारी करने से पहले वित्तीय और आर्थिक व्यवहार्यता निर्धारित करने के लिए कोई शोध और विश्लेषण किया था।

**ii. रियायत अवधि का निर्धारण**

पीपीपी परियोजना में रियायत अवधि रियायतग्राही द्वारा अपने निवेश की भरपाई करने और निवेश पर उचित रिटर्न के लिए आवश्यक समय से निर्धारित की जाती है। यह किए गए वास्तविक निवेश और परियोजना से अपेक्षित नकदी प्रवाह पर निर्भर करेगा। वर्तमान मामले में, केवीआईसी ई-कॉमर्स पोर्टल के विकास और संचालन की वास्तविक लागत से अनजान है और परियोजना के लिए नकदी प्रवाह का अनुमान नहीं लगाया है। रियायत समझौते के अनुच्छेद 1.1 के अनुसार, केवीआईसी ने 10 साल की रियायत अवधि तय की जिसे 10 साल और बढ़ाया जा सकता है। यह उल्लेख करना उचित है कि वाणिज्यिक और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी/ई-गवर्नेंस परियोजना के मामले में मानक पेबैक अवधि केवल तीन साल[69] है। इस प्रकार लंबी रियायत अवधि का निर्धारण केवीआईसी के वित्तीय हित में नहीं था।

**iii. रियायतग्राही के अन्य राजस्व के सत्यापन को सक्षम करने वाले खंड**

रियायत समझौते के अनुच्छेद 3.2.4 के अनुसार, रियायत शुल्क रियायतग्राही द्वारा अपनाए जा रहे किसी भी व्यवसाय मॉडल से उत्पन्न होने वाली किसी भी अन्य आय/राजस्व पर भी लागू होगा। लेखापरीक्षा में पाया गया कि समझौते में ई-कॉमर्स वेबसाइट/मोबाइल

---

[69] ***इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) द्वारा जारी सूचना प्रौद्योगिकी पीपीपी परियोजनाओं के लिए मार्गदर्शन नोट (2017) - पैराग्राफ 4.2.2***

एप्लिकेशन से रियायतग्राही की अन्य राजस्व आय को सत्यापित करने के लिए कोई खंड नहीं था।

**iv. कार्य सौंपे जाने के बाद संविदा की शर्तों में संशोधन**

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय दिशानिर्देशों[70] के अनुसार, केवीआईसी को बोली दस्तावेजों के एक हिस्से के रूप में एक मसौदा अनुबंध समझौते को तैयार और जारी करना था। रियायत समझौते का मसौदा पीपीपी व्यवस्था की शर्तों को परिभाषित करेगा और अनुबंध देने के बाद इसे बदला नहीं जा सकता है। रियायत समझौते के मसौदे को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि प्रस्ताव के अनुरोध के अनुसार नियुक्ति पत्र के बाद नियुक्ति की शर्तों में परिवर्तन नहीं किया जाता है। शर्तों में कोई भी बदलाव बोली जमा करने की अंतिम तिथि से पहले किया जाना चाहिए और सभी संभावित बोलीदाताओं को सूचित किया जाना चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि रियायत करार का मसौदा केवीआईसी द्वारा तैयार नहीं किया गया था। आगे, निष्पादित रियायत करार में, प्रस्ताव के अनुरोध में विनिर्दिष्ट नहीं की गई शर्तों को केवीआईसी द्वारा रियायतग्राही के पक्ष में शामिल किया गया था। ऐसी ही एक शर्त केवीआईसी को मौजूदा मानदंडों के अनुसार अपने हितधारक समुदाय के लिए उपलब्ध छूट, व्यापार लाभ, अनुदान आदि तक पहुंच प्रदान करना था। उदाहरणार्थ, संशोधित बाजार विकास सहायता (एमएमडीए) जो उत्पादन अनुदान थी, खादी संस्थानों को दी गई थी और इसका छह प्रतिशत बिक्री संस्थानों को दिया जाएगा। रियायतग्राही पंजीकृत खादी संस्थानों से खादी के सामान खरीद रहा था और इसलिए वह खादी संस्थानों से विक्रेता का हिस्सा प्राप्त करने का हकदार था। समझौते के अनुसार रियायतग्राही को "खादी इंडिया" ब्रांड की छतरी के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में उप ब्रांड/बाल ब्रांड पेश करने का अधिकार भी दिया गया था भले ही इस तरह के एक खंड को प्रस्ताव के अनुरोध में शामिल नहीं किया गया था। आगे, समझौते के अनुसार, केवीआईसी डिजाइनरों के सहयोग से, फैशन शो आयोजित करके, ब्रांड एंबेसडर को शामिल करके और प्रचार कार्यक्रमों का आयोजन करके खादी और ग्रामोघोग उत्पादों को लोकप्रिय बनाने और फिर से मजबूत करने में

---

[70] ***मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के पैरा 9.2 के अनुसार, "निविदा दस्तावेजों का हिस्सा बनने वाले अनुबंध समझौते का मसौदा अद्यतन किया जाता है यदि प्रस्ताव के लिए अनुरोध में बदलाव किए जाते हैं और सभी बोलीदाताओं को भेजे जाते हैं"।***

रियायतग्राही का समर्थन करेगा। इसे प्रस्तावित अनुरोध में शामिल नहीं किया गया था। संविदा प्रदान किए जाने के बाद प्रस्ताव के लिए अनुरोध दस्तावेज में शामिल नहीं किए गए निबंधन और शर्तों को शामिल करना पारदर्शी नहीं था क्योंकि प्रस्ताव के अनुरोध में ऐसी अनुकूल शर्तों को शामिल करने से अधिक बोलीदाताओं को आकर्षित किया जा सकता था जिसके परिणामस्वरूप अधिक अनुकूल बोलियां प्राप्त हो सकती थीं। इस प्रकार संविदा दिए जाने के बाद रियायतग्राही को अनुचित वित्तीय लाभ प्रदान किया गया।

**5.1.1.2 परियोजना का कार्यान्वयन**

**i. रियायतग्राही द्वारा बिक्री डेटा प्रस्तुत करना**

रियायत करार के अनुच्छेद 8.1 (क) के अनुसार, रियायतग्राही द्वारा देय रियायत शुल्क बिक्री कम माल ढुलाई, बीमा और व्यापार छूट, यदि कोई हो, के 7.5 प्रतिशत के रूप में निर्धारित किया गया था। रियायतग्राही माल की खरीद, संभार तंत्र, बिक्री और वितरण से संबंधित सभी अभिलेख रखेगा और नियमित अंतराल पर केवीआईसी को आवधिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। आगे, रियायतग्राही को एक त्रैमासिक बिक्री प्रतिवेदन प्रस्तुत करनी होगी और बिक्री डेटा तक पहुंचने के लिए एक डैशबोर्ड प्रदान करना होगा। लेखापरीक्षा में पाया गया कि रियायतग्राही बिक्री डेटा वाले कुछ छिटपुट ई-मेल को छोड़कर तिमाही बिक्री प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं कर रहा था। हालांकि डैशबोर्ड रियायतग्राही द्वारा विकसित किया गया था, वही काम नहीं कर (जून 2021) रहा था। इस प्रकार, केवीआईसी बिक्री डेटा का आवधिक सत्यापन सुनिश्चित करके वित्तीय हित को सुरक्षित करने में विफल रहा।

**ii. बाजार संवर्धन के लिए उपलब्ध निधियों का उपयोग न होना**

खादी सुधार विकास कार्यक्रम निधि से ई-कॉमर्स के लिए ₹15 करोड़ की राशि निर्धारित (जुलाई 2019) की गई थी। चूंकि, ई-कॉमर्स पोर्टल को पीपीपी के माध्यम से आउटसोर्स किया गया था, निधियों का उपयोग नहीं किया गया और केवीआईसी इसका उपयोग करने के लिए किसी भी परियोजना पर निर्णय नहीं ले सका। चूंकि एडीबी ऋण 2018-19 में बंद हो गया था, निधियों को निष्क्रिय रखना उचित नहीं था।

परियोजना के निर्माण और कार्यान्वयन में खामियां थीं।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (अगस्त 2022) कि केवीआईसी को ई-कॉमर्स परिचालन के माध्यम से कोई नुकसान नहीं हुआ था और उसे 'खादी इंडिया' ब्रांड नाम के लिए रॉयल्टी

शुल्क के रूप में एक निश्चित प्रतिशत मिल रहा था। यह भी कहा गया कि इसे लोकप्रिय होने और उत्पादन और आपूर्ति की उपलब्धता और क्षमता के अधीन बाजार पर कब्जा करने में कुछ समय लगेगा।

उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि केवीआईसी ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए थे, जबकि इसके लिए धन निर्धारित किया गया था।

***सिफारिश संख्या 12***

***केवीआईसी संविदा की लागत, राजस्व और वितरण की व्यापक समीक्षा करे ताकि यह निर्धारण किया जा सके कि क्या ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से संभावित लाभ प्राप्त किया जा रहा है और राजस्व, गुणवत्ता आदि के संबंध में जानकारी/कार्रवाई के संबंध में पारस्परिक संविदात्मक दायित्वों को लागू किया जाए।***

### 5.1.2 केवीआईसी द्वारा किए गए बाजार सर्वेक्षण

खादी सुधार विकास कार्यक्रम (केआरडीपी) के घटकों में से एक विपणन में आधुनिक अवधारणाओं और विपणन सुधारों को लाने के लिए निजी भागीदारी के साथ एक विपणन संगठन का विकास था। इस विपणन संगठन को एक विशेषज्ञ फर्म के माध्यम से उत्पाद विशिष्ट बाजार सर्वेक्षण करना था। फिर भी, केवीआईसी उपरोक्त के रूप में विपणन संगठन की स्थापना नहीं कर सका, जो केआरडीपी के प्रमुख घटकों में से एक है। जैसे, केवीआईसी ने 2011-2017 की अवधि के दौरान तीन बाजार सर्वेक्षण किए। इनमें से, दो सर्वेक्षणों ने घरेलू बाजार को कवर किया और एक अंतरराष्ट्रीय (निर्यात) बाजार से संबंधित था। सर्वेक्षणों में प्रतिवेदन किए गए महत्वपूर्ण निष्कर्ष और की गई सिफारिशों को नीचे तालिका 5.1 में दिखाया गया है।

**तालिका-5.1 केवीआईसी द्वारा किए गए बाजार सर्वेक्षण: निष्कर्ष और सिफारिशें**

| बाजार सर्वेक्षण (2011) | पैन इंडिया बाजार सर्वेक्षण (2017) | अंतर्राष्ट्रीय बाजार सर्वेक्षण (2017) |
|---|---|---|
| **सर्वेक्षण की सिफारिशें** | | |
| • शेल्फ लाइफ को कम करना और इन्वेंट्री का प्रबंधन करना<br>• उत्पाद विकास, उपभोक्ता अपेक्षाओं और प्रतिस्पर्धी | • दृश्यता और उत्पादों की उपलब्धता में वृद्धि<br>• खुदरा पहुंच में वृद्धि | • अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन प्लेटफार्मों में खादी उत्पादों को बढ़ावा देना |

| बाजार सर्वेक्षण (2011) | पैन इंडिया बाजार सर्वेक्षण (2017) | अंतर्राष्ट्रीय बाजार सर्वेक्षण (2017) |
|---|---|---|
| परिदृश्य और उपलब्ध अवसरों के अनुरूप मूल्य निर्धारण।<br>• युवा और किशोर उत्पाद लाइनों की खोज<br>• उत्पाद नवाचार के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के अग्रणी वस्त्र संस्थानों के साथ व्यापक अनुसंधान और विकास।<br>• विशेष रूप से मॉल जैसे हाई प्रोफाइल क्षेत्रों में खुदरा उपस्थिति में सुधार।<br>• ई कॉमर्स और सोशल मीडिया के-ब्रांड-साथ पूरक मल्टी आउटलेट्स, प्रमुख सुपरमार्केट और प्रमुख खुदरा विक्रेताओं के साथ खुदरा टाईअप।<br>• प्रयास की निरंतरता और त्वरित तथा प्रभावी निर्णय लेने की आवश्यकता।<br>• सेटअप में मौजूदा पेशेवरों के कौशल सेट को अपग्रेड करने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम चलाना। | • ऑनलाइन खुदरा प्लेटफार्मों में उपस्थिति,<br>• डिजाइन की विविधता में वृद्धि, उत्पादों का मूल्य विभाजन, युवाओं को लक्षित करना। | • भारतीय खादी पर ध्यान केंद्रित करते हुए अधिक बिजनेस टू बिजनेस आयोजित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय परिधान प्रमुखों के साथ संभावित गठजोड़ का पता लगाएं।<br>• निर्यात के प्रति जागरूकता और क्षमता निर्माण बढ़ाना।<br>• अपस्ट्रीम मूल्य श्रृंखला गतिविधियों की सुविधा के माध्यम से निर्यात वृद्धि को बढ़ाना और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों के लिए प्रभावी प्रचार तथा ब्रांड निर्माण गतिविधियों का समर्थन करना। |

लेखापरीक्षा ने सर्वेक्षणों के संचालन और सर्वेक्षण प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन के संबंध में निम्नलिखित का अवलोकन किया।

### 5.1.2.1 घरेलू सर्वेक्षण

केवीआईसी ने ₹32.49 लाख की लागत से केआरडीपी फंड का उपयोग करके एक बाहरी रणनीतिक विपणन फर्म (मेसर्स ग्रुपएम इंडिया) के माध्यम से एक घरेलू विपणन सर्वेक्षण (2011) किया। सर्वेक्षण का उद्देश्य उपभोक्ताओं और खुदरा विक्रेताओं के बीच खादी के बारे में जागरूकता और समझ को जानना तथा उपभोक्ताओं में आदतों और प्रथाओं के बारे में समझ प्राप्त करना था। सर्वेक्षण में त्वरित और प्रभावी निर्णय लेने की आवश्यकता,

कौशल सेटों को अपग्रेड करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम, सीमित रंगों और उपलब्धता के मामले में खादी की कमजोरी को दूर करने के लिए उत्पाद मिश्रण आदि जैसी महत्वपूर्ण सिफारिशें की गईं।

केआरडीपी संशोधित दिशानिर्देश 2016 के अनुसार, केवीआईसी को दो बाजार सर्वेक्षण करने थे, एक अखिल भारतीय भारतीय बाजार सर्वेक्षण घरेलू बाजार का आकलन करने के लिए और अन्य सर्वेक्षण खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार का आकलन करने के लिए 2017 में ₹29.75 लाख की लागत से अखिल भारतीय बाजार सर्वेक्षण (मेसर्स अरांका द्वारा) का आयोजन मूल्य निर्धारण, बाजार की स्थिति, व्यापार शर्तों को समझने, भुगतान शर्तों, बिक्री संवर्धन तकनीकों, छूट, मार्जिन, प्रचार, उपभोक्ता क्रय व्यवहार, उत्पादों में बाजार की संभावना आदि जैसे कई मापदंडों का पता लगाने के लिए गया था। इस सर्वेक्षण में वर्ष 2011 में किए गए पूर्व सर्वेक्षण के अनुरूप कई सिफारिशें भी की गई हैं। सर्वेक्षण में कपड़े, शहद, स्वास्थ्य सौंदर्य प्रसाधन और उच्च मांग वाले कृषि आधारित उत्पादों जैसे कुछ उत्पादों की पहचान की गई है।

इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने पाया कि:

- दो घरेलू बाजार सर्वेक्षण जोकि छह साल के अंतराल पर आयोजित किए गए, मूल्य निर्धारण, उपलब्धता, डिजाइन, विविधता, दृश्यता आदि से संबंधित लगभग समान मुद्दों की पहचान की गई, यह दर्शाता है कि केवीआईसी ने पहले सर्वेक्षण में बताए गए मुद्दों को संबोधित करने में महत्वपूर्ण प्रगति नहीं की थी।
- केवीआईसी ने अपने स्वयं के विभागीय ट्रेडिंग यूनिटों के मामले में भी सर्वेक्षण निष्कर्षों के अनुरूप अपनी उत्पाद लाइन को प्राथमिकता देने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है। खरीद समितियों ने खरीद योजनाओं को अंतिम रूप देने से पहले पिछले बिक्री आंकड़ों, बाजार की मांग आदि का विश्लेषण नहीं किया था। यह दिखाने के लिए कोई सबूत नहीं था कि केवीआईसी ने बाजार के रुझानों, उपभोक्ता वरीयताओं आदि का कोई विश्लेषण किया तथा विभागीय ट्रेडिंग इकाइयों को इसकी सूचना दी थी।
- यद्यपि केवीआईसी ने एक पेशेवर डिजाइनर द्वारा विकसित नए डिजाइन पेश करने का प्रयास किया था, उत्पादों को सफलतापूर्वक विपणन नहीं किया गया था। नए आपूर्तिकर्ताओं को विभागीय ट्रेडिंग इकाइयों के माध्यम से अपने उत्पादों का विपणन

करने के अवसरों से वंचित कर दिया गया था जिसके परिणामस्वरूप उपलब्ध उत्पादों (पैराग्राफ 4.1.2) की श्रृंखला सीमित थी। खादी प्लाजा आदि की स्थापना करके उपलब्धता बढ़ाने की परियोजनाओं को कार्यान्वित (पैराग्राफ 5.1.7) नहीं किया गया। निधि उपलब्ध होने के बावजूद, माहौल को बेहतर बनाने के लिए खादी ग्रामोघोग भवनों का नवीनीकरण और उपभोक्ताओं (पैराग्राफ 5.1.8) द्वारा खुदरा बिक्री अनुभव नहीं किया गया।

- सीमित स्तर पर पेश किए गए नए उत्पाद जैसे कि विचार वस्त्र (डिजाइनर वियर), डेनिम खादी, खादी टीशर्ट आदि, मुख्य रूप से विपणन की कमी के कारण महत्वपूर्ण बिक्री हासिल नहीं कर सके।

- केवीआईसी के सुधार कार्यान्वयन प्रभाग ने यह निष्कर्ष निकाला कि खादी सुधार विकास कार्यक्रम सलाहकार (मैसर्स प्राइसवाटरहाउसकूपर्स)[71] ने (मई 2017) मैसर्स अरांका द्वारा किए गए अखिल भारतीय बाजार सर्वेक्षण में प्रमुख अंतर पाया जैसे कि कच्चे डेटा के पूर्ण सेट का प्रावधान न होना, खादी संस्थानों को शामिल करने के कारण थोक खरीदारों के दूषित नमूने, रेशम और मलमल जैसे प्रीमियम उत्पादों का कवरेज न होना, व्यक्तिगत उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया का सामान्यीकरण। खादी मार्क के संबंध में फीडबैक में केवल थोक खरीदारों को शामिल किया गया, निर्यात के लिए रुझानों और उत्पादों का कमजोर विश्लेषण, विपणन रणनीतियों को तैयार करने के लिए आवश्यक पर्याप्त आदानों की अनुपलब्धता, ब्रांडिंग और मूल्य संवर्धन के लिए प्रस्तावित रणनीतियों में स्पष्टता की कमी और पर्याप्त द्वितीयक अनुसंधान द्वारा निष्कर्षों का समर्थन नहीं किया जाना, जिससे खादी और ग्रामोघोग उत्पादों में ऑन-ग्राउंड रुझानों के साथ निष्कर्षों का गुटनिरपेक्षता हो रहा है। यह दिखाने के लिए कोई अभिलेख नहीं था कि केवीआईसी ने पाई गई खामियों के बारे में बताया था और उन्हें ठीक कराया। हालांकि, सितंबर 2017 में पूर्ण भुगतान (₹29.75 लाख) जारी किया गया था।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि 'खादी इंडिया' ब्रांड को सफलतापूर्वक बनाने के लिए आक्रामक विज्ञापन और सोशल मीडिया दृश्यता के लिए पेशेवर

---

[71] ***मेसर्स प्राइसवाटरहाउसकूपर्स प्राइवेट लिमिटेड खादी सुधार विकास कार्यक्रम के लिए एशियाई विकास बैंक द्वारा नियुक्त एक तकनीकी एजेंसी है।***

विपणन इनपुट का उपयोग किया गया था। यह भी दावा किया गया था कि केवीआईसी ने शॉपिंग मॉल, हवाई अड्डों, मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स, प्रमुख सुपरमार्केट और प्रमुख खुदरा विक्रेताओं के साथ खुदरा टाई-अप, ई-कॉमर्स, प्रमुख निर्यात घरानों के साथ संस्थागत साझेदारी, रेमंड, आदित्य बिड़ला, अरविंद मिल्स आदि जैसे कॉर्पोरेट क्षेत्र के साथ सहयोग जैसे उच्च प्रोफ़ाइल क्षेत्रों में अपनी खुदरा उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रयास किए थे। केवीआईसी ने विभिन्न स्थानों पर खादी इंडिया लाउंज, लखनऊ, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में हवाई अड्डों पर दुकानों की स्थापना और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, नई दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेनलेस स्टील चरखा स्थापित करने का भी उल्लेख किया। यह भी कहा गया था कि इसमें अलग-अलग खादी ग्रामोघोग भवनों के संबंध में एक अवधि में आइटम-वार बिक्री के साथ उत्पाद लाइन का विश्लेषण करने और खादी संस्थान प्रबंधन सूचना प्रणाली से तेजी से बढ़ती वस्तुओं पर डेटा का विश्लेषण करने की एक प्रणाली थी जोकि इस तरह की जानकारी उत्पन्न करने में सक्षम था। केवीआईसी ने यह भी दावा किया कि खादी ग्रामोघोग भवनों की खरीद समितियां खरीद योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए बाजार की मांग के माप के रूप में पिछले बिक्री आंकड़ों पर निर्भर थीं।

यह दावा कि केवीआईसी ने पेशेवर विपणन इनपुट का उपयोग करके सोशल मीडिया में दृश्यता हासिल की थी, इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर खादी और ग्रामोघोग क्षेत्र में केवीआईसी की उपस्थिति[72] अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बहुत कम है। आगे, जवाब में हाइलाइट की गई अधिकांश पहल जैसे शॉपिंग मॉल में खुदरा उपस्थिति, रेमंड आदि जैसी कॉर्पोरेट फर्मों के साथ टाई-अप, पैराग्राफ 5.1.5 में चर्चा के अनुसार आगे बढ़ने में विफल रहे। जैसा कि पैराग्राफ 4.1.3 में उल्लेख किया गया है, खादी ग्रामोघोग भवनों ने माल की खरीद से पहले पिछली अवधि से संबंधित बिक्री के आंकड़ों का विश्लेषण नहीं किया था और केवल दो खादी ग्रामोघोग भवनों ने वास्तव में बाजार के रुझानों पर विचार किए बिना खरीद योजना तैयार की थी। आगे, खादी संस्थान प्रबंधन सूचना प्रणाली केवल 2019-20 से शुरू की गई थी। सूचना

---

[72] ***लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर केवीआईसी के मई 2022 तक अनुयायियों की संख्या केवल 92,280 थी जबकि इसी प्लेटफॉर्म पर इसके प्रतिस्पर्धियों के फॉलोअर्स की संख्या ₹11.46 लाख (मई 2022) थी।***

प्रौद्योगिकी निदेशालय ने सिस्टम से आइटम-वार बिक्री डेटा प्रदान नहीं किया क्योंकि प्रबंधन के समर्थन का दावा है कि सिस्टम इस तरह के डेटा प्रस्तुत करने में सक्षम है।

### 5.1.2.2 अंतर्राष्ट्रीय बाजार सर्वेक्षण

खादी सुधार विकास कार्यक्रम जनादेश के अंतर्गत, केवीआईसी ने ₹22.66 लाख की लागत से एक अंतरराष्ट्रीय बाजार सर्वेक्षण आयोजित (नवंबर 2017) किया। सर्वेक्षण ने कई सिफारिशें कीं जिसमें खादी ब्रांड के निर्यात प्रदर्शन में सुधार के लिए निर्यात जागरूकता बढ़ाने, समर्पित विंग की स्थापना, अपस्ट्रीम मूल्य श्रृंखला गतिविधियों की सुविधा, ई-मार्केट प्लेयर्स का लाभ उठाने, अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में ब्रांड निर्माण गतिविधियों आदि के प्रयास शामिल थे। केवीआईसी को दिसंबर 2006 में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा निर्यात संवर्धन परिषद[73] का दर्जा दिया गया था।

हालांकि, लेखापरीक्षा मे पाया गया कि केवीआईसी सक्रिय रूप से निर्यात गतिविधियों को बढ़ावा नहीं दे रहा है और उनकी भूमिका अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भाग लेने तक सीमित थी। यह दिखाने के लिए अभिलेख में कुछ भी नहीं था कि केवीआईसी ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार सर्वेक्षण द्वारा एकत्र की गई जानकारी का किसी भी तरह से, स्वयं उपयोग किया था या इसे अपने साथ पंजीकृत खादी/ग्रामोघोग के साथ साझा किया था। इसके अलावा, यह स्पष्ट नहीं था कि केवीआईसी ने पर्याप्त निर्यात संवर्धन उपाय किए थे जैसे निर्यातकों का डाटा बेस बनाए रखना, विदेशों में देश-वार और उत्पाद विशिष्ट संभावित आयातकों की व्यापक सूची बनाना, भारतीय निर्यातकों के साथ टाई-अप को सुविधाजनक बनाना, नियमित क्रेता-विक्रेता बैठकें आदि।

लेखापरीक्षा में आगे पाया गया कि देश से खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के निर्यात के कुल मूल्य में 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान लगातार गिरावट आई है जैसा कि तालिका 5.2 में दिखाया गया है।

---

*[73] निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसी) की स्थापना वाणिज्य मंत्रालय द्वारा विशिष्ट क्षेत्रों में निर्यातकों को सलाह और सहायता प्रदान करने के लिए की जाती है। ईपीसी को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों, क्रेता/विक्रेता बैठकों आदि के आयोजन/भाग लेने सहित विभिन्न बाह्य और आंतरिक संवर्धनात्मक कार्यकलापों के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार से निधियां प्राप्त होती हैं। ईपीसी निर्यात क्षेत्र में सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाने में निर्यातकों की भी मदद करते हैं।*

**तालिका 5.2: खादी और ग्रामोघोग उत्पादों का निर्यात**

**(आंकड़े ₹ करोड़ में)**

| वर्ष | खादी | हस्तनिर्मित कागज और उत्पाद | पापड़ | शहद | हस्तशिल्प | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2017-18** | 0.78 | 38.58 | 61.84 | 131.50 | 18.39 | 19.26 | **270.35** |
| **2018-19** | 6.00 | 43.62 | 49.77 | 120.69 | 16.20 | 30.31 | **266.59** |
| **2019-20** | 0.47 | 7.59 | 37.23 | 144.27 | 16.68 | 32.26 | **238.50** |
| **2020-21** | 0.00 | 0.00 | 52.41 | 133.93 | 19.00 | 3.94 | **209.28** |

**स्रोत: केवीआईसी की वार्षिक प्रतिवेदन**

इस प्रकार, केवीआईसी ने सर्वेक्षणों के परिणामों के आधार पर खादी सुधार विकास कार्यक्रम की आवश्यकता को पूरा नहीं किया था, जैसा कि तालिका 5.2 में उपर्युक्त आंकड़ों से स्पष्ट है। आगे, यद्यपि केवीआईसी अपनी वार्षिक रिपोर्टों में खादी और ग्रामोघोग उत्पाद के कुल निर्यात आंकड़ों की सूचना दे रहा है, इसकी कोई प्रत्यक्ष निर्यात गतिविधि नहीं है तथा खादी और ग्रामोघोग इकाइयों को अपने उत्पादों के निर्यात के लिए निजी निर्यात घरानों पर निर्भर रहना पड़ता है।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि खादी और ग्रामोघोग उत्पादों का निर्यात 2019-20 की अवधि तक नियमित रूप से बढ़ रहा था तथा महामारी ने 2020-21 और 2021-22 से निर्यात गतिविधियों को कम कर दिया था और अब निर्यात सामान्य रूप से बढ़ रहा था।

उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि खादी वस्तुओं के निर्यात में लगातार गिरावट की प्रवृत्ति दिखाई दे रही थी। खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के अंतर्राष्ट्रीय विपणन के संबंध में सर्वेक्षण प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को लागू नहीं करने पर उत्तर मौन था।

***सिफारिश संख्या 13***

***केवीआईसी सर्वेक्षणों के बाद की अवधि में बाजार पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए बाजार सर्वेक्षणों के निष्कर्षों/सिफारिशों की समीक्षा करे और सिफारिशों को लागू करने के लिए उपयुक्त कार्रवाई शुरू करे, विशेष रूप से डिजाइन, मूल्य निर्धारण, दृश्यता और उपलब्धता आदि में विविधता और नवाचार शुरू करने जैसे क्षेत्रों में। निर्यात***

***संवर्धन परिषद के दर्जे का प्रभावी ढंग से उपयोग करके निर्यात क्षेत्र में केवीआईसी की उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास किए जाए।***

### 5.1.3 उत्पाद सूची और स्वैच बुक का विकास

खादी सुधार और विकास कार्यक्रम निधि से ₹2 करोड़ की राशि (नवंबर 2018) क्षेत्र-वार उत्पाद सूची तैयार करने के लिए मंजूर की गई थी। केवीआईसी के अंतर्गत कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए उत्पाद सूची विकसित किया जाना था, जिसमें केवीआईसी के प्रत्येक क्षेत्र में कारीगरों द्वारा बनाए गए खादी कपड़े के उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक फैब्रिक स्वैच[74] बुक भी शामिल थी। उत्पाद सूची और स्वॉच बुक का उद्देश्य उत्पाद जागरूकता बढ़ाकर ग्रामीण कारीगरों को ताकत देना और ग्रामीण परिवारों में रोजगार के और अवसर उत्पन्न करना था।

केवीआईसी उत्पादों और फैब्रिक स्वैच बुक की संकल्पना, डिजाइन, विकास और प्रकाशन के लिए एजेंसी की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (दिसंबर 2019) केवीआईसी द्वारा नियोजित सलाहकार मैसर्स केपीएमजी द्वारा विकसित किया गया था। निविदाएं आमंत्रित की गई थी और कार्य तकनीकी मूल्यांकन चरण तक किया गया था। फिर भी, यह निर्णय लिया गया (सितंबर 2020) कि उत्पाद सूची और खादी स्वच्छ पुस्तक तैयार करने के लिए काम करने से पहले किसी भी एजेंसी को सौंपा गया था, क्षेत्रीय और राज्य कार्यालय स्तर पर सूची मदों के लिए उनकी गुणवत्ता और विनिर्देशों के साथ पर्याप्त जानकारी प्रदान करने के लिए केवीआईसी की ओर से तैयारी की जानी चाहिए। परिणामस्वरूप, यह निर्णय लिया गया (नवंबर 2020) कि विभिन्न राज्यों में कोविड-19 महामारी के प्रसार के कारण उत्पाद सूची और खादी स्वाच बुक तैयार करने पर फील्ड ऑपरेशन वर्तमान में संभव नहीं थे। अतः स्थिति स्थिर होने तक आगे के अभियानों को कुछ समय के लिए अलग रखा गया था। बोली लगाने वालों को अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट वापस करने का भी निर्णय लिया गया।

इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने पाया कि:

i. हालांकि उत्पाद सूची का विकास केआरडीपी की पुनर्गठित किश्त शर्तों में से एक था और फरवरी 2017 तक पूरा हो जाना चाहिए था, केवीआईसी को अभी (अगस्त 2022)

---

*[74] कपड़े से लिया गया छोटा नमूना।*

उत्पाद सूची और खादी स्वच्छ पुस्तक विकसित करनी है। इस प्रकार, इच्छित उद्देश्य प्राप्त नहीं किया जा सका।

ii. पहले, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), मुंबई ने ₹18.29 लाख की अनुमानित लागत से उत्पादों की भौतिक और वेब आधारित सूची के लिए एक परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत (जून 2017) किया था। प्रस्ताव में मौजूद 100 खादी वस्त्र उत्पादों का अध्ययन और कोड के साथ एक भौतिक सूची तैयार करना, सूची के अनुसार कोड के साथ लगभग 100 खादी उत्पादों की एक वेब-आधारित सूची, कोड के साथ खादी कपड़ों की घड़ियों की एक सूची, कोड के साथ लगभग 100 ग्राम उद्योग उत्पादों की भौतिक सूची, कोड के साथ लगभग 100 ग्राम उद्योग उत्पादों की वेब-आधारित सूची आदि शामिल हैं। फिर भी केवीआईसी ने प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी।

iii. केवीआईसी की वेबसाइट पर केवल एक विक्रेता के ई-सूची का लिंक प्रदान किया गया था। मैसर्स प्राइसवाटरहाउसकूपर्स प्राइवेट लिमिटेड (पीडब्ल्यूसी)[75] द्वारा यह सूचित किया गया था कि संस्थानों की सक्रिय भागीदारी के साथ, केवीआईसी ने खादी और ग्रामोघोग संस्थानों द्वारा बनाए गए कुछ विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित करते हुए एक डिजिटल उत्पाद सूची विकसित किया है और सूची केवीआईसी वेबसाइट पर उपलब्ध है जहां खरीदार उत्पादों को देख सकते हैं और सीधे आपूर्ति संस्थान को ऑर्डर दे सकते हैं। यह दावा पूरी तरह से सही नहीं था क्योंकि सूची में केवल 117 उत्पादों को सूचीबद्ध किया गया था, जिसमें एक तस्वीर, एक संक्षिप्त विवरण और एक बारकोड था। यह सूची प्रमुख शर्तों को पूरा नहीं करता है (जैसा कि केवीआईसी द्वारा जारी प्रस्ताव के लिए अनुरोध में उल्लेख किया गया है) जैसे उत्पादों का क्षेत्रीय समूहीकरण, कारीगरों का परिचय, आपूर्ति संस्थानों को सीधे ऑर्डर देना आदि। इस प्रकार एमएसएमई मंत्रालय को प्रस्तुत उत्पाद सूची और स्वॉच बुक के विकास पर अंतिम प्रतिवेदन में अपर्याप्त जानकारी थी।

केवीआईसी खादी और ग्रामोघोग उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध कराए गए धन का उपयोग करने में विफल रहा। इस प्रकार प्रस्तावित सूची और स्वैच बुक के

---

[75] ***मैसर्स प्राइसवाटरहाउसकूपर्स प्राइवेट लिमिटेड (पीडब्ल्यूसी) केआरडीपी को लागू करने में केवीआईसी की सहायता के लिए एशियाई विकास बैंक द्वारा नियुक्त तकनीकी एजेंसी थी। एडीबी के साथ उनकी अनुबंध आवश्यकता के हिस्से के रूप में, मैसर्स पीडब्ल्यूसी को परियोजना में प्राप्त प्रगति पर समीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत करनी थी।***

माध्यम से संभावित ग्राहकों के साथ-साथ संभावित निर्यातकों को आकर्षित करने और संलग्न करने का परिकल्पित उद्देश्य विफल रहा।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (अप्रैल 2022/जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि निफ्ट को वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया गया था चूंकि लागत अधिक थी और प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए प्रतिक्रियाएं भी सीमित थीं और चयन समिति की संतुष्टि के अनुरूप नहीं थीं। यह भी कहा गया था कि चूंकि केवीआईसी का ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म लॉन्च होने वाला था और कैटलॉगिंग मंच के तहत उपलब्ध होगा, अलग उत्पाद सूची का विकास बंद कर दिया गया था। आगे यह कहा गया था कि खादी ग्रामोघोग भवनों के पास भी अपने स्वयं के उत्पाद सूची और स्वैच पुस्तकें थी और शीर्ष स्तर पर, ई-सूची और ई-स्वैच पुस्तक अधिक उपयुक्त थी। महामारी की स्थिति के कारण, कई आइटम अनुपलब्ध थे और इसलिए सूची के लिए आवश्यक जानकारी एकत्र नहीं की जा सकी।

उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि प्रस्ताव के लिए अनुरोध रद्द कर दिया गया था क्योंकि उत्पाद सूची और खादी स्वैच की पुस्तक तैयार करने के लिए फील्ड ऑपरेशन शुरू नहीं किए गए थे। हालांकि निधि 2018-19 में ही उपलब्ध कराया गया था, केवीआईसी द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आगे, भले ही ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के संबंध में काम के दायरे में उत्पाद सूची की तैयारी और अद्यतनीकरण शामिल था, इसमें केवल ई-कॉमर्स ऑपरेटर द्वारा बिक्री पर रखी गई वस्तुएं शामिल होंगी और केआरडीपी के अनुसार उत्पाद सूची के लिए एक विकल्प नहीं हो सकता है जिसका उद्देश्य खादी/ ग्रामोघोग क्षेत्र में उपलब्ध सभी उत्पादों को प्रदर्शित करना था।

निकास बैठक (जुलाई 2022) के दौरान, केवीआईसी ने सूचित किया कि वे उत्पाद सूची और स्वैच बुक विकसित करेंगे।

### 5.1.4 विपणन सलाहकार की नियुक्ति

विपणन की चुनौतियों का सामना करने एवं खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के आक्रामक विपणन के लिए आवश्यकताओं का सामना करने हेतु, यह निर्णय लिया गया (सितंबर 2017) कि केवीआईसी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विपणन के लिए एक पेशेवर विपणन परामर्श फर्म/विपणन सलाहकार को नियुक्त कर सकता है, चूंकि वर्तमान विपणन निदेशालय में प्रशिक्षित लोगों की भारी कमी थी श्रमशक्ति और विपणन पृष्ठभूमि वाले पर्याप्त अधिकारी

नहीं थे। विपणन सलाहकार के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करने के प्रस्ताव के लिए मसौदा एक अन्य सलाहकार (मेसर्स प्राइस वाटरहाउस कूपर्स) द्वारा तैयार किया गया था। विज्ञापन के उत्तर में, छह[76] फर्मों ने अपने उत्तर प्रस्तुत किए। केवीआईसी द्वारा यह नोट किया गया था कि चूंकि किसी अच्छे और प्रतिष्ठित विपणन परामर्शदाता ने आवेदन नहीं किया था, इसलिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र सेवा इंक (एनआईसीएसआई), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक सरकारी मंच से विपणन/प्रबंधन के लिए परामर्शदाताओं को आमंत्रित किया जा सकता था। तदनुसार, अर्न्स्ट एंड यंग इंक (मेसर्स ई एंड वाई), जिन्हें एनआईसीएसआई के साथ सूचीबद्ध किया गया था, प्रबंधन परामर्श के लिए चुना गया था। एनआईसीएसआई को परामर्श शुल्क के लिए ₹1.22 करोड़ के अनुबंध मूल्य का भुगतान किया गया था।

इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित का अवलोकन किया:

**5.1.4.1 सलाहकार का चयन**

i. केवीआईसी द्वारा जारी विज्ञापन पर छह फर्मों ने उत्तर दिया था, जिसमें विपणन परामर्श के लिए रुचि पत्र की मांग की गई थी। केवीआईसी ने नोट किया था कि "किसी भी अच्छे और प्रतिष्ठित विपणन सलाहकारों ने रुचि की अभिव्यक्ति में आवेदन नहीं किया है" और एक प्रस्तुति के लिए सभी फर्मों को बुलाने का प्रस्ताव दिया। इस तरह के निर्णय का आधार दस्तावेज नहीं था और रुचि की अभिव्यक्ति के लिए उत्तरदाताओं की प्रस्तावित बैठक के बारे में कोई और जानकारी अभिलेख में उपलब्ध नहीं थी। फिर भी, केवीआईसी ने एनआईसीएसआई द्वारा सूचीबद्ध सलाहकारों के साथ एक और बैठक आयोजित की और विपणन सलाहकार के रूप में मेसर्स ई एंड वाई का चयन किया। केवीआईसी मूल्यांकन को इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि अंततः एक फर्म रुचि की अभिव्यक्ति के विज्ञापन (मैसर्स ई एंड वाई) पर अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने वाली कंपनी को केवीआईसी द्वारा चुना गया था क्योंकि उन्हें एनआईसीएसआई के सलाहकारों की सूचीबद्ध सूची में भी शामिल किया गया था।

---

[76] ***छह कंपनियां-1. गोल्डमाइन एडवरटाइजिंग लिमिटेड, 2. गुडविल कंसल्टिंग, 3. अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी, 4. फेरी घाट संचार एलएलपी, 5. मैककेन क्रेडेंशियल्स, और 6. कृति प्रमोशन्स एंड इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड।***

ii. एनआईसीएसआई का अधिदेश केंद्र और राज्य सरकार के विभागों और संगठनों को कुल आईटी समाधान और सेवाएं प्रदान करना है। जैसे,एनआईसीएसआई द्वारा सूचीबद्ध कंसल्टेंसी फर्मों से विपणन सलाहकार का चयन करने के लिए केवीआईसी के फैसले के पीछे तर्क तुरंत स्पष्ट नहीं था।

iii. एनआईसीएसआई की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार, पैनल में शामिल परामर्श एजेंसियों को कार्य सौंपने के लिए, यदि उपयोगकर्ता विभाग किसी विशेष एजेंसी को इंगित नहीं करता है, पैनल में शामिल एजेंसियों से प्रस्तुतियां आमंत्रित करने के बाद उपयोगकर्ता विभाग द्वारा गठित की जाने वाली एक समिति की सिफारिशों के आधार पर काम दिया जाएगा। यह नोट किया गया था कि एनआईसीएसआई के साथ सूचीबद्ध प्रबंधन परामर्श फर्म को अंतिम रूप देने और चयन केवीआईसी के साथ आयोजित एक बैठक में किया गया था। फिर भी, उद्देश्य मूल्यांकन विवरण या सड़क मानचित्र, आदि, जो आवश्यक थे, उन्हें पैनल में शामिल एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया

iv. भारत सरकार द्वारा जारी परामर्श और अन्य सेवाओं की खरीद के लिए मैनुअल 2017 के अनुसार, परामर्श सेवाओं के मामले में, कार्य का सुरूपित कार्यक्षेत्र/विचारार्थ विषय (टीओआर-सेवाओं का विवरण) और वह समय सीमा जिसके लिए सेवाओं का लाभ उठाया जाना है, खरीद इकाई के समग्र उद्देश्यों के अनुरूप निर्धारित किया जाना चाहिए। मैनुअल में यह भी निर्धारित किया गया है कि परामर्शी निगरानी समिति (सीएमसी) का गठन किया जाना चाहिए और अनुबंध प्रदान किए जाने के बाद परामर्शदाता के कार्य की समीक्षा और अनुमोदन की प्रक्रिया भी घोषित की जानी चाहिए तथा उसका पालन किया जाना चाहिए। केवीआईसी ने उपर्युक्त शर्तों का अनुपालन नहीं किया था। एनआईसीएसआई या सलाहकार फर्म के साथ किसी भी अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए थे। एनआईसीएसआई द्वारा प्रस्तुत प्रोफार्मा चालान के आधार पर अग्रिम भुगतान करने से पहले कोई माइलस्टोन/वितरण योग्य निर्धारित नहीं किया गया था। आगे, भले ही प्रोफार्मा चालान के अनुसार, प्रत्येक व्यक्तिगत परामर्शदाता के संबंध में मासिक निष्पादन प्रतिवेदन एनआईसीएसआई को भेजी जानी थी। अभिलेख पर ऐसी कोई प्रतिवेदन नहीं मिली।

v. एनआईसीएसआई ने अनुबंध शुल्क पर सात प्रतिशत (₹6.75 लाख) का कमीशन लिया था जिसे फर्म के रूप में टाला जा सकता था क्योंकि जिसने केवल रुचि की अभिव्यक्ति में भाग लिया था, उसे अंतिम रूप से चुना गया था।

### 5.1.4.2 सलाहकार का प्रदर्शन

i. सलाहकारों की नियुक्ति से पहले, केवीआईसी ने उन्हें सौंपे जाने वाले विशिष्ट कार्यों और माइलस्टोन तैयार नहीं किए थे। लेखापरीक्षा में पाया गया कि सलाहकारों को असंगठित तरीके से कार्य सौंपे गए थे। जहां तक परामर्श के प्रमुख क्षेत्रों का संबंध है, उनमें से अधिकांश को परिभाषित नहीं किया गया था और कार्यान्वयन को ट्रैक नहीं किया गया था जैसा कि तालिका 5.3 में दिया गया है।

**तालिका 5.3: विपणन सलाहकार - मुख्य दायरे क्षेत्र पर प्रगति**

| क्षेत्र | गतिविधि | मुख्य दायरा क्षेत्र | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| खादी | अध्ययन मूल्य श्रृंखला, बाजार अध्ययन, सीएसपी, मूल्य निर्धारण | खादी योजना | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |
| | | मूल्य श्रृंखला हस्तक्षेप | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |
| | | केंद्रीय डिजाइन केंद्र | लागू नहीं किया गया |
| | | सीएसपी पुनर्गठन योजना | तैयार नहीं |
| | | निर्माता कंपनी मॉडल | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |
| विपणन और निर्यात | बाजार की स्थिति, विभागीय बिक्री आउटलेट पुनर्गठन, विपणन रणनीति, निर्यात योजना, ब्रांडिंग | उच्च स्तरीय विपणन योजना | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |
| | | कॉफी तालिका बुककैलेंडर आरएफपी/ | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |
| | | 15 अगस्त निष्पादन | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |
| | | फ्रैंचाइजी नीति | सलाहकार द्वारा तैयार किए जाने के रूप में प्रलेखित नहीं |
| | | डीएसओ दिल्ली सुधार | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |
| | | ऑनलाइनकॉमर्स-ई/ | सूचना प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा पीपीपी मोड के माध्यम से आउटसोर्स किए गए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का विकास, जिसके लिए आरएफपी आदि, एक अन्य सलाहकार द्वारा तैयार किया गया था। |
| विज्ञापन और प्रचार | रणनीति की समीक्षा, विज्ञापन चैनल, | क्रिएटिव एजेंसी आरएफपी | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |
| | | विज्ञापन और प्रचार रणनीति | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |

| क्षेत्र | गतिविधि | मुख्य दायरा क्षेत्र | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| | कथानक और सामग्री | ब्रांड एंबेसडर | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |
| | | फीडबैक कैप्चरिंग तंत्र | परिभाषित नहीं है और कार्यान्वयन प्रलेखित नहीं है |

ii. परामर्शदाताओं ने सूचित किया था कि उन्होंने ***अनुलग्नक-II*** में दिए गए व्योरे के अनुसार 21 वितरण पूरे कर लिए हैं। लेखापरीक्षा में पाया गया कि विपणन सलाहकार द्वारा 21 "सुपुर्दगी दायित्व" जिनके लिए ₹1.22 करोड़ खर्च किए गए थे, ज्यादातर नियमित गतिविधियां थीं। पैराग्राफ में उल्लिखित 21 वितरण योग्य वस्तुओं के अलावा अन्य कार्य प्रकृति में विशिष्ट नहीं थे, जैसे, केन्द्रीय पूनी संयंत्रों के कायाकल्प के लिए अध्ययन, खादी क्षेत्र का अध्ययन, मूल्य परिवर्तन का मानचित्रण, ग्रे क्षेत्रों की पहचान करना, विपणन कार्य योजना का विकास, दृष्टि दस्तावेज, केजीबी नई दिल्ली में दृश्य क्रय-विक्रय आदि। दृष्टि दस्तावेज को छोड़कर रिकॉर्ड के अनुसार, उपरोक्त कार्यों में से कोई भी पूरा नहीं हुआ था। कहा जाता है कि दृष्टि दस्तावेज नवंबर 2018 में वितरित किया गया था, लेकिन अभिलेख में उपलब्ध नहीं था। प्रत्येक वितरण योग्य के विरुद्ध विस्तृत टिप्पणियां ***अनुलग्नक-II*** में दी गई हैं।

iii. केवीआईसी ने (फरवरी 2019) ही निष्कर्ष निकाला कि "*मेसर्स अर्न्स्ट एंड यंग (ई एंड वाई) द्वारा भाग लेने वाले अधिकांश कार्य बहुत सरल थे और ई एंड वाई के नहीं होने पर भी केवीआईसी द्वारा देखे जा रहे थे। ई एंड वाई को केवीआईसी की आधिकारिक प्रणाली के काम करने का ज्ञान नहीं है और अधिकांश प्रस्ताव मूल या पेशेवर इनपुट के बिना वेब खोजों और जानकारी के कट-पेस्ट से जानकारी का परिणाम थे; वे केवीआईसी के लिए विपणन पर कोई कार्य योजना देने में विफल रहे थे और उन्हें भुगतान किए गए शुल्क उचित नहीं थे*।"

iv. यह भी देखा गया कि 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान केवीआईसी द्वारा की गई विपणन पहलों को सफलता की कोई महत्वपूर्ण डिग्री नहीं मिली जैसा कि तालिका 5.4 में वर्णित है।

**तालिका 5.4: केवीआईसी द्वारा की गई विपणन पहलों की स्थिति**

| क्र. सं. | विपणन पहल | स्थिति |
|---|---|---|
| 1 | फ्रैंचाइज़ी योजना | स्थापित किए जाने के लिए प्रस्तावित 180 फ्रैंचाइजी मे से 12 फ्रैंचाइजी स्थापित हुए जिसमे में से केवल आठ अभी भी काम कर रही हैं और प्रदर्शन खराब था। |
| 2 | खादी कोर्नर्स | सभी इकाइयां घाटे में चल रही थीं और कोई भी कार्यात्मक नहीं है। |
| 3 | रेलवे स्टेशनों और डाकघरों में आउटलेट खोलना | प्रस्तावों पर विचार किए जाने और रेल्वे और डाक विभाग के साथ प्रारम्भिक चर्चा किए जाने के बावजूद भी कार्यान्वित नहीं किया गया |
| 4 | ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ गठजोड़ | कार्यान्वित नहीं किया गया क्योंकि मेसर्स फ्लिपकार्ट और ऐमज़ान इंडिया के साथ स्वीकार्य शर्तों पर बात नहीं बनी। |
| 5 | ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्लिकेशन का विकास | पीपीपी मोड के माध्यम से लागू किया गया लेकिन बिक्री की मात्रा और बाजार प्रवेश के मामले में बहुत सफल नहीं है । |
| 6 | हवाई अड्डों पर आउटलेट खोलना | सीमित कार्यान्वयन (केवल तीन हवाई अड्डों पर) |
| 7 | डीएसओ कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन योजना | केवीआईसी द्वारा अनुमोदित होने के बावजूद कार्यान्वित नहीं किया गया । |
| 8 | रियायती कूपन बिक्री के लिए पीएसयू के साथ गठजोड़ | चार पीएसयू में लागू किया गया लेकिन 2021-22 से जारी नहीं रखा गया। |
| 9 | बाजार सर्वेक्षण | सर्वेक्षण किए गए लेकिन सिफारिशों को लागू नहीं किया गया । |
| 10 | अभिनव उत्पाद लाइन विकसित करने के लिए पेशेवर डिजाइनरों की भागीदारी | एक डिजाइनर (सुश्री रितु बेरी) सीमित सफलता के साथ लगी हुई है जैसा कि बिक्री डेटा से संकेत मिलता है। उत्पाद लाइन को तब से बंद कर दिया गया है । |

v. जून 2018 और मार्च 2019 के बीच, केवीआईसी ने एनआईसीएसआई को सलाहकारों की नियुक्ति के लिए चार चालानों के लिए ₹4.32 करोड़ का भुगतान किया था, जिसमें से केवल ₹1.22 करोड़ के भुगतान का विवरण लेखापरीक्षा को प्रस्तुत किया गया था।

उपरोक्त के मद्देनजर, यह स्पष्ट है कि सलाहकार द्वारा निष्पादित किए जाने वाले विशिष्ट कार्यों को परिभाषित नहीं करने और बाद में सुपुर्दगी दायित्व की निगरानी करने में विफल रहने के कारण केवीआईसी को विपणन सलाहकार को नियुक्त करने के लिए किए गए खर्च से लाभ नहीं हुआ था।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि एनआईसीएसआई ने सेवाओं के गैर-वितरण के मामले में किसी भी समय उसके माध्यम से चुनी गई एजेंसी की सेवाओं

को समाप्त करने का विकल्प प्रदान किया। इसके अलावा, सीधे चयन के मामले में, केवीआईसी को अधिक शुल्क का भुगतान करना पड़ता। केवीआईसी ने आगे दावा किया कि सलाहकार को काम पर रखने के लिए किए गए खर्चों से अनुपातिक रूप से लाभान्वित हुआ और यह भी कहा कि वे विशिष्ट कार्यों के साथ बाजार अनुसंधान, बाजार पूर्वानुमान आदि में लगे हुए थे। केवीआईसी ने आगे कहा कि जब यह पाया गया कि सलाहकार ने अपेक्षित परिणाम नहीं दिया था, उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं।

उत्तर को इस तथ्य के आलोक में देखा जा सकता है कि अनुबंध के किसी भी पक्ष द्वारा गैर-निष्पादन की स्थिति में सभी अनुबंधों में आम तौर पर एक मानक अनुबंध समाप्ति खंड शामिल होता है। हालांकि केवीआईसी ने तर्क दिया है कि बोली के माध्यम से सीधे चयन के मामले में, एनआईसीएसआई के माध्यम से भुगतान की तुलना में अधिक शुल्क का भुगतान किया गया होगा, तथ्यों और आंकड़ों के साथ इसका समर्थन नहीं किया गया है।

***सिफारिश संख्या 14***

***बाह्य परामर्शदाताओं को नियुक्त करते समय, भारत सरकार द्वारा जारी परामर्श और अन्य सेवाओं की खरीद के लिए नियमावली 2017 में निहित निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए, जैसे कार्य के सुपरिभाषित दायरे/संदर्भ की शर्तें तैयार करना, परामर्श निगरानी समिति की स्थापना करना आदि।***

### 5.1.5 फ्रैंचाइज़ी योजनाएं

बेहतर विकास सुनिश्चित करने और खादी और ग्रामोघोग उत्पादों के विपणन में सुधार करने के लिए, केवीआईसी ने (2017) फ्रेंचाइजी योजना लागू की, जिसके माध्यम से फर्मों/व्यक्तियों को केवीआईसी को रॉयल्टी के भुगतान पर "खादी इंडिया" ट्रेडमार्क का उपयोग करके खादी और ग्रामोघोग उत्पादों को बेचने की अनुमति दी गई थी।

#### 5.1.5.1 थोक फ्रैंचाइज़ी योजना

केवीआईसी ने मेसर्स रेमंड (दिसंबर 2016) और आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) (मार्च 2017) के साथ खादी मार्क पंजीकरण समझौते किए, जिसमें फर्मों को अपने खुदरा दुकानों और डीलर नेटवर्क के माध्यम से बेचे जाने वाले खादी और खादी उत्पादों पर खादी मार्क का उपयोग करने का अधिकार दिया गया। समझौते के अनुसार,

केवीआईसी के साथ प्रत्येक फर्म द्वारा ब्याज मुक्त सुरक्षा राशि के रूप में ₹10 लाख जमा किए जाने थे और निरीक्षण और अन्य खर्चों के लिए ₹10 लाख का एकमुश्त शुल्क का भुगतान किया जाना था। कंपनियों ने परिचालन के पहले वर्ष में ₹2.50 करोड़ की न्यूनतम खरीद की गारंटी दी, जिसमें हर साल 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके लिए मूल अवधि चार महीने थी और उसके बाद न्यूनतम गारंटीकृत राशि में से किसी भी कमी को प्रतिभूति राशि के खिलाफ चालान किया जाएगा। उन्हें खादी और खादी उत्पादों की मासिक बिक्री रिपोर्ट केवीआईसी को प्रस्तुत करने की भी आवश्यकता थी।

इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने पाया कि

i. दोनों कंपनियों द्वारा भुगतान की जाने वाली ₹10 लाख की जमानत राशि और ₹10 लाख के एकमुश्त शुल्क का विवरण रिकॉर्ड में नहीं था।

ii. फर्मों को 2017-18 से 2020-21 की अवधि के दौरान ₹23.20 करोड़ के उत्पादों की खरीद और ₹1.16 करोड़ (पांच प्रतिशत) की रॉयल्टी का भुगतान करना अनिवार्य था। हालांकि, वास्तविक खरीद केवल ₹6.34 करोड़ थी (इस पर रॉयल्टी ₹32 लाख थी) और वह भी केवल एक फर्म (रेमंड) द्वारा, जिसके परिणामस्वरूप गारंटीकृत न्यूनतम खरीद के तहत प्रतिबद्ध रॉयल्टी पर ₹1.06 करोड़[77] की वसूली नहीं हो पाई।

iii. यह भी देखा गया कि न तो मैसर्स रेमंड और न ही मैसर्स एबीएफआरएल ने खादी और खादी उत्पादों की मासिक बिक्री रिपोर्ट प्रस्तुत की थी जैसा कि केवीआईसी को करार द्वारा अपेक्षित था।

लेखापरीक्षा टिप्पणियों को स्वीकार करते हुए, केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि रेमंड ने महामारी की अवधि के दौरान खादी कपड़े की खरीद नहीं की थी, लेकिन बाद में खरीद शुरू कर दी थी। केवीआईसी ने यह भी स्वीकार किया कि एबीएफआरएल ने खादी कपड़े की खरीद नहीं की थी। केवीआईसी ने यह भी स्वीकार किया कि यद्यपि मैसर्स रेमंड से ₹32 लाख की रॉयल्टी बकाया है। रेमंड ने वास्तविक खरीद के लिए केवल ₹9 लाख का भुगतान किया था। हालांकि, न्यूनतम गारंटीकृत खरीद

[77] *₹1.06 करोड़ = ₹1.16 करोड़ (कुल प्राप्य) - ₹9.92 लाख (वास्तव में मैसर्स रेमंड लिमिटेड से प्राप्त)।*

और उस पर देय रॉयल्टी के बारे में जवाब मौन था। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि समझौते की अवधि का प्रमुख हिस्सा महामारी से पहले था।

**5.1.5.2 खुदरा फ्रैंचाइज़ी योजना**

खुदरा फ्रैंचाइज़ी योजना की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- प्रारंभ में फ्रेंचाइजी पांच साल की अवधि के लिए होगी और फ्रैंचाइज़र द्वारा तय किए गए नियमों और शर्तों पर एक अवधि के लिए आगे बढ़ाई जा सकती है।
- फ्रेंचाइजी वैध खादी मार्क प्रमाण पत्र वाले उत्पाद निर्माण संस्थानों से खादी वस्तुओं और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम /ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी/ आरईजीपी) इकाइयों / संस्थानों से पारस्परिक रूप से तय भुगतान नियमों और शर्तों पर खरीदने के लिए स्वतंत्र होगी।
- खादी इंडिया फ्रैंचाइज़ी में केवीआईसी द्वारा अनुमोदित साइनेज का एक समान डिजाइन और पैटर्न होगा और 'खादी इंडिया' लोगो प्रमुखता से प्रदर्शित करेगा।
- फ्रेंचाइजी के पास कम से कम ₹1.5 करोड़ प्रति वर्ष का न्यूनतम औसत बिक्री लक्ष्य होना चाहिए।

इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित का अवलोकन किया:

i. फ्रैंचाइजियों के संबंध में विज्ञापन देते समय, केवीआईसी द्वारा फ्रेंचाइजी की संख्या के लिए निर्धारित लक्ष्य (अक्टूबर 2017) 180 था। हालांकि, वास्तविक उपलब्धि 12 थी और जिनमें से केवल आठ कार्यात्मक हैं (अगस्त 2022)।

ii. समझौते की शर्तों के अनुसार फ्रेंचाइजी द्वारा प्राप्त किया जाने वाला बिक्री लक्ष्य प्रति वर्ष ₹1.5 करोड़ था। हालांकि, 2018-19 से 2020-21 तक तीन वर्षों के दौरान वास्तविक उपलब्धि केवल ₹2.86 करोड़ (7.94 प्रतिशत) थी, जो आठ कामकाजी फ्रेंचाइजी के लिए लागू बिक्री लक्ष्य से काफी कम थी।

iii. फ्रैंचाइज़ी समझौते में निर्धारित शर्तों में से एक यह थी कि फ्रैंचाइज़ी को स्टॉक और बिक्री को दर्शाते हुए केवीआईसी को आवधिक रिटर्न प्रदान करना चाहिए। लेखापरीक्षा में पाया गया कि किसी भी फ्रेंचाइजी ने इस शर्त का पालन नहीं किया था और इसलिए, केवीआईसी को फ्रेंचाइजी द्वारा प्राप्त वास्तविक बिक्री के बारे में कोई जानकारी नहीं थी

और बार-बार अनुरोध के बाद उनके द्वारा प्रस्तुत असत्यापित जानकारी पर भरोसा करना पड़ा। वास्तव में, आठ फ्रेंचाइजी जो अभी भी कार्यात्मक हैं, उनमें से केवल दो ने सभी वर्षों के लिए उनके द्वारा की गई बिक्री के बारे में जानकारी प्रस्तुत की थी। उपर्युक्त के अलावा, केवीआईसी ने फ्रैंचाइज़ी समझौते में बिक्री डेटा के प्रावधान के लिए कोई आवश्यकता शामिल नहीं की थी, और फ्रैंचाइज़ी के बिक्री डेटा को प्राप्त करने और सत्यापित करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की थी और इसलिए फोन, सोशल मीडिया आदि पर फ्रेंचाइजी द्वारा रिपोर्ट किए गए बिक्री आंकड़ों को स्वीकार कर रहा है।

iv. फ्रेंचाइजियों द्वारा केवीआईसी को देय रॉयल्टी सकल बिक्री का पांच प्रतिशत थी। आज की तारीख में, इस मद में प्राप्त ₹14.32 लाख[78] में से, केवीआईसी को केवल 16,204 प्राप्त हुए हैं और वह भी मार्च 2022 तक एक वर्ष के लिए एक फ्रेंचाइजी से।

v. केवीआईसी ने फ्रेंचाइजी द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है। चूंकि यह व्यवस्था फ्रेंचाइजी को खादी संस्थानों, ग्रामोद्योगों और पीएमईजीपी इकाइयों से किसी भी उत्पाद की खरीद करने की अनुमति देती है, इसलिए केवीआईसी को यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रक्रिया स्थापित करनी चाहिए थी कि 'खादी इंडिया' ब्रांड नाम के तहत इसकी फ्रेंचाइजी द्वारा बेचे गए उत्पाद निर्धारित गुणवत्ता मानक के अनुरूप हों।

vi. करार की शर्तों के अनुसार, केवीआईसी को विज्ञापन सामग्री प्रदान करने और लागत हिस्सेदारी के आधार पर संयुक्त रूप से तैयार किए गए बिक्री संवर्धन और प्रचार गतिविधियों को भी सहायता प्रदान करनी होती है। यह देखा गया कि अभी तक ऐसा कोई विज्ञापन/विपणन सहायता कार्यकलाप नहीं किया गया था।

vii. फ्रेंचाइजी को ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने माल के विपणन की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था, जो उचित नहीं था क्योंकि फ्रेंचाइजी समझौते में कोई खंड नहीं था जो ऑनलाइन बिक्री पर प्रतिबंध लगाता था। ऑनलाइन बिक्री की अनुमति देने से दोनों फ्रेंचाइजी को अधिक बिक्री और केवीआईसी को अधिक रॉयल्टी के साथ लाभ हो सकता है। करार में यह प्रावधान किया गया था कि फ्रेंचाइजी शोरूम में ऐसे प्रकार के उत्पादों को स्टोर करेगी और ऐसी मात्रा में जो समय-समय पर

---

[78] *₹2.86 करोड़ रुपये (बिक्री प्राप्त) का पांच प्रतिशत।*

फ्रैंचाइज़र और फ्रैंचाइज़ी द्वारा बाजार की आवश्यकताओं के आधार पर पारस्परिक रूप से तय की जा सकती हैं। यह भी प्रावधान किया गया था कि फ्रेंचाइजी के पास पिछले महीने में मासिक आधार पर, पिछली तिमाही के अंतिम महीने में त्रैमासिक आधार पर और पिछले वित्तीय वर्ष के जनवरी में वार्षिक आधार पर खरीद योजना होगी, जिसकी सूचना फ्रैंचाइज़र को दी जाएगी। उपरोक्त में से कोई भी वास्तव में लागू नहीं किया गया था। केवीआईसी ने अपने विभागीय बिक्री केन्द्रों के लिए भी ऐसी कवायद नहीं की है।

इस प्रकार, खादी और ग्रामोघोग उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से एक विपणन पहल के रूप में, फ्रेंचाइजी योजना अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में प्रभावी नहीं रही है। रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं था जिससे पता चले कि केवीआईसी ने फ्रेंचाइजी को प्रभावी ढंग से पोषित किया और उनके प्रदर्शन की निगरानी की। जहां तक रॉयल्टी का संबंध है, केवीआईसी को अपनी फ्रेंचाइजियों से प्राप्त वास्तविक रॉयल्टी में भावी फ्रेंचाइजि को आमंत्रित करने के लिए केवीआईसी द्वारा किए गए प्रारंभिक व्यय को भी शामिल नहीं किया गया था।

केवीआईसी/मंत्रालय ने कहा (जुलाई 2022/अगस्त 2022) कि फ्रेंचाइजी योजना को प्रायोगिक आधार पर लागू किया गया था और सीखे गए सबक के आधार पर, नियम और शर्तों को संशोधित किया गया था और योजना को 2022-23 में फिर से लॉन्च किया गया है। केवीआईसी ने स्वीकार किया कि फ्रेंचाइजी बकाया रॉयल्टी भेजने की स्थिति में नहीं थी। यह स्वीकार करते हुए कि फ्रेंचाइजी के लिए कोई अनुकूलित विज्ञापन नहीं बनाया गया था, केवीआईसी ने कहा कि उन्हें केवीआईसी द्वारा जारी किए गए सभी खादी इंडिया - अखिल भारतीय विज्ञापनों का लाभ मिल रहा था। केवीआईसी ने यह भी दावा किया कि फ्रेंचाइजी को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पाद बेचने की अनुमति देने से इनकार नहीं किया गया था। केवीआईसी ने आगे कहा कि आवेदक और केवीआईसी दोनों द्वारा आवश्यक बाजार अध्ययन करके फ्रेंचाइजी संचालन एक उद्यमी मोड के माध्यम से किया गया था और जब फ्रेंचाइजी योजना चालू हो गई, तो महामारी प्रतिबंध शुरू हो गए और प्रमोटरों को लंबी अवधि के लिए इसे बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें गंभीर नुकसान हुआ।

इस उत्तर को इस तथ्य के प्रकाश में देखा जा सकता है कि केवीआईसी ने फ्रैंचाइज़ी समझौते के अनुसार अपने दायित्वों को पूरा नहीं किया था। केवीआईसी ने आपूर्ति श्रृंखला में एकरूपता बनाए रखने के लिए विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के माध्यम से खादी और

ग्रामोघोग उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए फ्रेंचाइजी की अनुमति नहीं दी थी, जैसा कि 13 जून 2019 को हुई बैठक में दर्ज किया गया था। यदि केवीआईसी फ्रेंचाइजी को पर्याप्त समर्थन नहीं देता है तो फ्रेंचाइजी योजना के नियमों और शर्तों में संशोधन इसे सफल बनाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। इसके अलावा, महामारी ने देश को केवल मार्च 2020 से प्रभावित किया था, जबकि फ्रेंचाइजी योजना 2015 में शुरू की गई थी।

***सिफारिश संख्या 15***

***केवीआईसी फ्रेंचाइजी आउटलेट खोलने जैसी योजनाओं को लागू करने से पहले अवसरों और खतरों की पहचान करने के लिए गहन बाजार अध्ययन करे और उद्यमियों को विपणन सहायता और मार्गदर्शन भी प्रदान करे। ऐसी योजनाओं की सफलता के लिए प्रबंधन द्वारा आवधिक निगरानी की भी आवश्यकता है।***

### 5.1.6 खादी कोर्नर की स्थापना

